हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 24 मार्च 2025


# उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल

**200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल**

UMH™ आयुष्मान भव:

24x7 हृदय रोग एवं ब्रेन स्ट्रोक आपातकालीन सुविधा



## पेट, लीवर एवं आंत रोगों का
# विश्वसनीय चिकित्सा संस्थान
### सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक, सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा



**डॉ. विनोद कुमार सिंह**
मेडिकल डायरेक्टर, एमबीबीएस, एम.एस., एफएआईईजीएस, डी. मास, एफ. मास जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
एन्टी रिकल्स सर्जरी विशेषज्ञ

**डॉ. सन्नी उत्तमानी**
एम.डी. मेडीसीन
डी.एम. हेमेटोलॉजी गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी (गोल्ड मेडलिस्ट)
लिवर रोग विशेषज्ञ

**डॉ. प्रवेश शुक्ला**
आंत, पेंक्रियाज़, लिवर के विशेषज्ञ सर्जन

**ट्विंकल साहू**
आहार विशेषज्ञ

### लक्षण
- GERD की समस्याएं
- हेपेटोब्लेरी डिसीस
- लिवर सिरोसिस
- पीलिया
- मोटापा
- भूख कम लगना
- खून की उल्टी
- मल के रास्ते खून
- या मवाद
- मुंह में कड़वा स्वाद
- सोते समय मुंह में पानी
- मल त्याग में परेशानी
- बार-बार डकार आना
- खाना न पचना

### विश्वस्तरीय सुविधाएं
- 24x7 मेनोमेट्री
- PH मानीटरिंग
- ERCP
- एंडोस्कोपी
- कोलोनोस्कोपी
- फाइब्रोस्कैन
- गैस्ट्रिक बाईपास सर्जरी
- गैस्ट्रिक कैंसर सर्जरी
- मेटाबोलिक सर्जरी
- बेरियाट्रीक सर्जरी

### लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- बड़ी आंत का कैंसर
- मल द्वार का कैंसर
- पैंक्रियास कैंसर
- बच्चेदानी एवं बच्चेदानी के मुंह का कैंसर
- गाल ब्लैडर का कैंसर
- पित्त की नली में पथरी
- सभी प्रकार की हर्निया पेट का कैंसर
- मलाशय बाहर खिसक जाने की सर्जरी
- लेज़र द्वारा जटिल फिस्टुला एवं पाइल्स का ऑपरेशन

**हृदय की नि:शुल्क ईको जांच**
25 मार्च 2025

**लीवर की नि:शुल्क फाइब्रोस्कैन जांच**
27 मार्च 2025

**पेट रोगों हेतु नि:शुल्क इंडोस्कोपी जांच**
31 मार्च 2025

छ.ग. शासन एवं केन्द्र शासन के कर्मचारी एवं उनके परिजन के इलाज हेतु मान्यता प्राप्त, आयुष्मान, बिजू योजना, रेल्वे, एयरपोर्ट, कोल इंडिया, CSEB एवं सभी इंश्योरेंस एवं T.P.A. से मान्यता प्राप्त

**जांच पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 0771-4088820, 9589956859 , 9109125524**

**भाठागांव, हल्का तालाब रोड के पास, रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### विशाल का अग्निवीर में चयन से खुशी की लहर



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा के समीपस्थ ग्राम कोनारी निवासी विशाल निर्मलकर पिता लोकनाथ का इंडियन आर्मी (अग्निवीर) में चयन हुआ है। इसके पहले इसी गांव से पूर्व में 26 युवकों का चयन हो चुका है। विशाल को मिलाकर अब 27 युवकों का चयन हो गया। इस उपलब्धि पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है एवं बधाई दी गई है।

### नारा में 3 दिवसीय अखण्ड रामायण 25 से

**आरंग।** जागृति बाल समाज रामायन मंडली एवं ग्रामवासियो के संयुक्त तत्वाधान में राम जानकी मन्दिर नारा (भानसोज) में 25 मार्च से त्रि-दिवसीय अखण्ड रामायण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समापन 28 मार्च को होगा। रामायण समारोह में भाग लेने वाले प्रत्येक टोली को समिति द्वारा 1111 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जावेगी।उक्त जानकारी रामकुमार वर्मा संचालक ने दी है।

### महापौर मीनल ने शहीद भगतसिंह को अर्पित की पुष्पांजलि

**रायपुर।** शंकर नगर इलाके के एसआरपी चौक स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष निगम के संस्कृति विभाग की ओर से पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को उनके बलिदान दिवस पर नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। मीनल चौबे ने अमर वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा कर देशप्रेम की भावना से कार्य करने का आव्हान किया।

### भाजपा से तीन और निष्कासित

**रायपुर।** नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम करने वालों को पार्टी से निष्कासित करने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में तीन को और छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। सारंगढ़ जनपद पंचायत चुनाव में पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी के खिलाफ बागी चुनाव लड़ने वाली ममता सिंह ठाकुर, बागी प्रत्याशी का समर्थन करने वाले राजीव सिंह ठाकुर को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। इसी तरह से डोंगरगढ़ नगर पंचायत चुनाव में भाजपा के उपाध्यक्ष प्रत्याशी के खिलाफ बागी चुनाव लड़ने वाले रोहित गुप्ता को भी पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया गया है।

**समारोह :** लोकतंत्र में पंच से लेकर सभी जनप्रतिनिधियों की एक ही भूमिका होती है

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष समेत नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर





■ विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित लोगों के साथ जमकर होली खेली

विधानसभा मुख्यालय अभनपुर में विधायक इन्द्रकुमार साहू के द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह एवं होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव व विधायक इन्द्रकुमार द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य सहित पंच व सरपंचो सहित समस्त प्रतिनिधियों को श्रीफल व साल से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने अपने उदबोधन में कहा कि उपस्थित सभी देवतुल्य सभी नागरिक जिन्होने हमारी पार्टी को इस मुकाम पर पहुंचाया सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हु। लोकतंत्र में पंच से लेकर सभी जनप्रतिनिधियों की एक ही भूमिका होती है लेकिन जितने बड़े पद में आगे बढ़ते जाते है उसी तरह जवाबदारियां भी बढ़ती जाती है। जनता से हमेश विनम्रतापुर्वक व्यवहार होना चाहिए जिस तरह वृक्ष जितना बड़ा होता जाता है उतना ही झुकता जाता है। इव अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित जनसमुदाय को होली पर्व की बधाई देते कहा कि होली पर्व हमारी संस्कृति एक अटुट हिस्सा है। इस आयोजन के माध्यम से हम सभी को एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है। होली मिलन कार्यक्रम शाम 4 बजे से लेकर रात 10 बजे तक चलता रहा। लोग फुलो की होली खेलते कई घंटो तक होली के जश्न में डुबे रहे।

यह पहला मौका था कि होली मिलन कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित लोगों के साथ जमकर होली खेली। कार्यक्रम जिपं. अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदीप यदु, जनपद अध्यक्ष चन्द्रिका जितेन्द्र बंजारे, जनपद उपाध्यक्ष आरंग रिकु अध्यक्ष, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, मंडल अध्यक्ष भरत बैस, किशोर साहू, नागेन्द्र वर्मा, पुर्व जिपं. सदस्य खेमराज कोसले, सोसायटी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सरपंच बसंत कोसले, जिपं. सदस्य अन्नु तारक, जनपद सदस्य विवेक तिवारी, राजा दीवान, वरूण राठी सहित हजारो की संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा में 7449 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत FLANT राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा 2025 जो कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन पर आधारित है का आयोजन आरंग विकासखंड के सभी 40 केन्द्रो में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर परीक्षा में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं एवं बड़े बुजुर्गों का उत्साह सराहनीय रहा, कुल 7449 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा केंद्र प्राथमिक शाला बहनाकाड़ी निरीक्षण के दौरान शिक्षा महाविद्यालय रायपुर से सीमा अग्रवाल एवं डायट रायपुर से अजय मिश्रा, मुकुंद साहू की टीम पहुंची एवं केंद्र का जायजा लिया एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा आरंग ने सभी ग्राम प्रभारी, नोडल अधिकारी, प्रधान पाठकगण को बधाई देते हुए कहा कि साक्षरता केवल पढ़ाई और लेखन क्षमता पर ही आधारित नहीं है अपितु यह व्यक्ति को अपने अधिकार और कर्तव्य का बोध भी करती है तथा समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी अलंकार परिहार सहायक नोडल चंद्रिका वर्मा एवं डोमार वर्मा आदि की उपस्थिति रही। ज्ञात हो कि सभी परीक्षा केन्द्रो में गठित अलग-अलग टीमों के द्वारा निरीक्षण किया गया।

### मिनी गोल्फ में कांस्य जीतने पर रंजीता को किया सम्मानित , दिया 1 लाख 20 हजार का चेक

**रायपुर।** सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व खेल मंत्री टंकराम वर्मा की उपस्थिति में सीएम हाउस में 37वें नेशनल गेम्स के मिनी गोल्फ खेल में कांस्य पदक जीतने पर रायपुर की रंजीता खलखो को प्रोत्साहन राशि के रूप मे 1 लाख 20 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। स्मृति चिन्ह पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री, खेल मंत्री एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग का आभार व्यक्त किया है।

# मुख्यमंत्री साय बोले- शुक्लजी ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान



■ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के घर पहुंचकर की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को राजधानी रायपुर स्थित वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री शुक्ल को ज्ञानपीठ सम्मान देने की घोषणा पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने श्री शुक्ल से कहा, आपने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी प्रदेशवासियों की तरफ से श्री शुक्ल का सम्मान करते हुए उन्हें शॉल-श्रीफल तथा बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह नंदी भेंट किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री शुक्ल से कहा, साहित्य के क्षेत्र में आपके विशिष्ट योगदान पर आपको देश का सबसे प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ सम्मान दिए जाने की घोषणा से पूरा प्रदेश गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। यह मेरा सौभाग्य है कि आज खुशी के इस पल में आपसे भेंट करने का मुझे अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उनका कुशलक्षेम पूछते हुए उनके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आप राजनांदगांव के रहने वाले हैं। नांदगांव छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी है। वहां गजानन माधव मुक्तिबोध, डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी और बलदेव प्रसाद मिश्र जैसे साहित्यकारों ने अपनी साहित्य साधना की है। मुख्यमंत्री द्वारा राजनांदगांव का जिक्र किए जाने पर श्री शुक्ल ने अपने बचपन की नांदगांव की स्मृतियां उनके साथ साझा की।

श्री शुक्ल ने कहा कि मेरा जन्म राजनांदगांव में हुआ। बचपन का वह नांदगांव आज भी मेरे मन पर छाया हुआ है। मैं आज भी वहां जाता हूं तो उसी नांदगांव को ढूंढने की कोशिश करता हूं, मगर अब समय के साथ काफी बदलाव आ गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, जनसंपर्क आयुक्त रवि मित्तल मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफे की मांग को विधायक सोनी ने बताया हास्यास्पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ भाजपा सरकार ने जिस तत्परता से ईओडब्ल्यू से जांच कराकर छत्तीसगढ़ के पैसों का दुरुपयोग करने वालों को जेल भेजने का कार्य किया है, वह सराहनीय

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कांग्रेस की उस मांग को हास्यास्पद बताया है, जिसमें उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से इस्तीफा देने की मांग की है। श्री सोनी ने कहा, सैकड़ों करोड़ का घोटाला करने वाले कांग्रेसी अब उनके कर्मों की हो रही जांच से हताश एवं घबराए हुए हैं और अनर्गल प्रलाप कर प्रदेश को गुमराह करने में लगे हैं। भाजपा सरकार ने जिस तत्परता से ईओडब्ल्यू से जांच कराकर छत्तीसगढ़ के पैसों का दुरुपयोग करने वालों को जेल भेजने का कार्य किया है, वह सराहनीय है। श्री सोनी ने कहा, कांग्रेस शासन में छत्तीसगढ़ में सीबीआई को प्रतिबंधित करने वाले आज उसी से जांच की मांग कर समय काटने का रास्ता देख रहे हैं, ताकि भ्रष्टाचारियों के बचाव के जुगाड़ खोजे जा सकें। स्वास्थ्य मंत्री से त्यागपत्र की मांग करने वाले लोग अपने शासनकाल में खुली आंखों से इस भ्रष्टाचार को देखते रहे, जो इस घोटाले में इनकी हिस्सेदारी का भी संदेह पैदा करता है। श्री सोनी ने स्वास्थ्य मंत्री को निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई के लिए बधाई देते हुए मांग की है कि बड़े से बड़े अधिकारी एवं कांग्रेस के नेताओं की संलिप्तता को उजागर कर दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए, ताकि भविष्य में छत्तीसगढ़ को लूटने का दुस्साहस कोई न कर सके।

# मड थेरेपी के साथ हृदय रोग, मधुमेह और दंत चिकित्सा के लिए निशुल्क शिविर

■ समता कालोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभा भवन में शिविर

■ 500 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन प्रांतीय इकाई द्वारा समता कालोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभा भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया है। जिसमें मड थैरेपी शिविर में उदयपुर के प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम मरीजों के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उनका उपचार कर रही है। इसके साथ ही दंत चिकित्सा, हृदय रोग, मधुमेह के उपचार के लिए शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक सेवा देने पहुंचे हैं। शिविर का शुभारंभ 19 मार्च को हुआ यह शिविर 25 मार्च तक जारी रहेगा। 19 मार्च से लेकर 23 मार्च शिविर स्थल पर पहुंचकर 1000 मरीजों ने इसका लाभ प्राप्त किया। शिविर में रविवार को डॉक्टर सुनील गुनियाल द्वारा हृदय रोग से संबंधित मरीजों का उपचार करते हुए उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही मधुमेह की जांच के लिए डॉक्टर निरमेश सिंघानिया अपनी टीम के साथ मरीज को जानकारी देने पहुंचे। उन्होंने मरीजों के स्वास्थ्य जांच दवाईयां भी दी। दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर साक्षी अग्रवाल ने दांतों से संबंधित परेशानी लेकर पहुंचे मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श देकर उपचार किया। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल महामंत्री मुरली अग्रवाल युवा चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल युवा अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया रविवार को शिविर में मरीजों के शुगर बीपी, HB1C नसों की जांच लिक्विड प्रोफाइल खून प्रभाव की जांच और ईसीजी निशुल्क प्रदान की गई। साथ ही खान-पान से संबंधित डाइटिशियन द्वारा पंजीकृत मरीजों को जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें चार्ट प्रदान किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे शामिल

शिविर में विशेष रूप से अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद अग्रवाल , प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल महामंत्री मुरली अग्रवाल युवा इकाई अध्यक्ष कर्तव्य अग्रवाल प्रदेश युवा अध्यक्ष प्रमोद जैन सम्मेलन कोषाध्यक्ष विकाश अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अग्रवाल सम्मेलन के साथ ही युवा सम्मेलन महिला सम्मेलन की पूरी टीम जुटी हुई है।

## सालभर में दस फीसदी सरकारी दफ्तरों में भी नहीं लगे स्मार्ट मीटर

**रायपुर।** प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं के मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का आगाज किया गया था। सवा लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगने हैं, लेकिन करीब एक साल में दस फीसदी दफ्तरों में भी ये मीटर नहीं लगाए जा सके हैं। अब तक महज सात हजार दफ्तरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाए हैं, जबकि आम उपभोक्ताओं के 11 लाख से ज्यादा मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। सरकारी दफ्तरों में अब तक मीटर न लग पाने का कारण यह बताया जा रहा है कि इन दफ्तरों में थ्री फेज मीटर लगने हैं, जो अब तक स्मार्ट मीटर लगाने वाली ठेका कंपनियों के पास आए नहीं हैं। मीटर उपलब्ध होने के बाद ही इन्हें लगाने का काम होगा। सरकारी विभाग ही हमेशा से बिजली बिल जमा करने में लापरवाही करते हैं। इस समय भी सरकारी विभागों पर ढाई हजार करोड़ का बिल बकाया है। बिजली बिल जमा करने के मामले में प्रदेश के सरकारी विभाग ही बेलगाम हैं। इन पर कितना भी बिल बकाया हो जाए, इनका कनेक्शन कट नहीं किया जाता है, लेकिन आम उपभोक्ता का थोड़ा-सा बकाया होने पर पॉवर कंपनी के कर्मचारी कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं। हाल ही में 35 हजार से ज्यादा आम उपभोक्ताओं की बिजली कट की गई तो उपभोक्ताओं ने 25 करोड़ जमा किए।

## उद्योगों में अब हड़ताल करना आसान नहीं, 42 दिन पहले देनी होगी सूचना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उद्योगों, कारखानों में काम करने वाले श्रमिक किसी भी समय अपनी मांगों, समस्याओं को लेकर हड़ताल पर नहीं जा सकेंगे। अगर कोई मसला, समस्या हो तो भी श्रमिकों को उद्योग या कारखाना प्रबंधन को छह सप्ताह यानी 42 दिन पहले सूचना देनी होगी। साथ ही अब उद्योग संचालक किसी भी समय अपने उद्योग में तालाबंदी नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार ने यह नियम लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ श्रम कानून संशोधन और विविध प्रावधान विधेयक 2025 को विधानसभा से पारित कराया है। विधेयक को राज्यपाल की अनुमति मिलने के बाद यह राज्य में लागू हो जाएगा। राज्य सरकार ने यह नई व्यवस्था लागू करने के लिए औद्योगिक विवाद अधिनियम में बदलाव किया है, हड़ताल और तालाबंदी पर प्रतिषेध। इसके तहत लोक उपयोगी सेवा में नियोजित किसी भी व्यक्ति द्वारा हड़ताल करने के पूर्व के छह सप्ताह के भीतर हड़ताल की सूचना नियोजक (उद्योग-कारखाना प्रबंधन) को देनी होगी।

## आरंग के मंदिरों और धरोहरों पर बनेगी डाक्यूमेंट्री फिल्म

**आरंग।** सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन आरंग नगर के मंदिरों और धरोहरों पर डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाने जा रहा है। फाउंडेशन के सदस्यों ने शनिवार को नपाध्यक्ष डॉ. संदीप जैन को ज्ञापन सौंपकर नगर के बस स्टैंड स्थित राजा मोरध्वज के स्टैचू के रंग रोगन की मांग की। साथ ही उसमें लगे फाउंटेन को शुरू करने की मांग की है। पीपला फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि नगर के प्राचीन इतिहास और गौरव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर के प्राचीन मंदिरों, पुरातात्विक स्थलों सहित राजा मोरध्वज की स्टैचू की ड्रोन कैमरे से शूटिंग कराकर डाक्यूमेंट्री फ्रल्मि बनाने की योजना है। उल्लेखनीय है कि पीपला वेलफेयर फाउंडेशन आरंग नगर के प्राचीन इतिहास और राजा मोरध्वज की दानशीलता को वैश्विक पटल पर प्रचारित करने नए-नए नवाचार करने के लिए विख्यात है। नगर वासियों के सहयोग से तीन साल पहले भव्य मोरध्वज महोत्सव का आयोजन करने की शुरुआत पीपला फाउंडेशन ने की थी। इस आयोजन की सराहना करते हुए तत्कालीन संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब ने गत वर्ष के आयोजन में हर वर्ष महोत्सव आयोजित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से दस लाख रुपये का बजट प्रावधान किया है। अब मोरध्वज महोत्सव की भव्यता आने वाले वर्षों में साल दर साल बढ़ती जाएगी। इसे लेकर नगरवासी उत्साहित हैं।

## सडक निर्माण की गति धीमी नागरिक धूल से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के जनता को आवागमन सुविधा देने के भारत माला परियोजना के अंतर्गत सड़क मार्ग का निर्माण आरंग ब्लॉक से अभनपुर ब्लॉक के विभिन्न गाँवो से गुजार कर किया जा रहा है। लेकिन उक्त सड़क मार्ग की निर्माण मे धीमी गति के कारण संबंधित ग्रामो के आम नागरिको को अनेक परेशानिया जैसे थोड़ा हवा तूफान आने से पहाड़ सा डस्ट को खुला छोड़ने से ग्राम एवं घरों मे आना, जिससे मानव जीवन के स्वास्थ्य के लिए हानि कारण हो सकता है। किसानो की खेतो मे उडकर परत जमना एवं सड़क राहगिरो को अचानक डस्ट की धुंध से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उक्त समस्या को देखते हुए डामन साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर एवं ग्राम डोमा के ग्राम पटेल ने तत्काल जगह-जगह स्टोरेज डस्ट को निर्माण कार्य मे गति लाकर सड़क मे बिछाकर संबंधित प्रभावित ग्रामो की आम जनता की स्वास्थ्य एवं आवागमन सुविधा प्रदान की मांग की है।




भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति चन्द्रिका प्रसाद चन्द्राकर (गुरूजी) का आकस्मिक निधन दिनांक 15 मार्च 2025 दिन - शनिवार को हो गया है। विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक है। अतः आप सह-परिवार कार्यक्रम में सम्मलित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

कार्यक्रम
दशगात्र : 24/03/2025, दिन - सोमवार
स्थान ग्राम : निजनिवास ग्राम बोरिद (आरंग)

स्व.चन्द्रिका प्रसाद चन्द्राकर (गुरूजी)

परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसकी शक्ति थी
परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी।
ऐसी आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें।
दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

विनीत:
श्रीमती देहूती चन्द्राकर (पत्नि)
शशांक-तनुज्ञा चन्द्राकर (पुत्र-पुत्रवधु)
किरण-प्रेम चन्द्राकर (बेटी-दामाद)
प्रशुत्र (पुत्र), समिक्षा (पुत्री), जीनल (पोती)
अक्षत, शलोक (नाती)

टीप : ग्राम बोरिद, रसनी से 2.5 कि.मी. की दूरी पर दक्षिण दिशा में स्थित है।

नोट : जिस किसी सज्जन को शोक-पत्र न मिला हो कृपया इसे स्वीकार करें।


## लक्ष्मी विहार कॉलोनी में नपा उपाध्यक्ष कोसले का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष का लक्ष्मी विहार कॉलोनी समिति ने कालोनी के शिव मंदिर प्रांगण में सम्मान किया। इस सम्मान समारोह में सहपत्नीक आए हीरामन कोसले उपाध्यक्ष को समिति के पदाधिकारी ने गुलदस्ता भेंट कर श्रीफल व साल से सम्मानित किया गया। श्री कोसले ने कहा कि कॉलोनी के विभिन्न समस्याओं के निराकरण में मैं सहयोग प्रदान करूंगा। इसमें मुझे कॉलोनीवासियों के सहयोग की आवश्यकता है। समिति की ओर से पेयजल की समस्या एवं रोड की समस्या को प्रमुखता के साथ समिति के पदाधिकारी ने उठाया। समारोह में कॉलोनी के प्रमुख जिसमें पवन चंद्राकर, मोहन साहू, पं. छत्रधर दीवान, सूरज शर्मा, महेंद्र अरोरा, प्रदीप अग्रवाल, धनेश निषाद, कमलकांत बंजारे, भास्कर यादव, अमरिका साहू, किरण दीवान, सीमा निषाद, नीतू वर्मा, बिंदु कोसले सरोज साहू, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।


HEALTH TOWN

वेरिकोस वेंस & वैस्कुलर क्लिनिक
वैरिकोज वेन्स बन सकती है गंभीर समस्या, न करें नजर अंदाज



ओपन सर्जरी के बिना इलाज
• ओपीडी/डे केयर प्रक्रिया
• बिना चीर के ऑपरेशन
• उसी दिन से दैनिक कार्य फिर से शुरू करें
• दोनों पैरों का इलाज एक ही सेटिंग में किया जा सकता है
• सबसे तेज अल्सर उपचार

VASCULAR
Dr. Prashant Pote
Vascular & Interventional Radiologist
MD DNB Radiology (Mumbai)
FVIR (TIFAC CORE)

309, तिसरी मंजील, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मो.: 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सालभर में दस फीसदी सरकारी दफ्तरों में भी नहीं लगा पाए स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं के मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का आगाज किया गया था। सवा लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगने हैं, लेकिन करीब एक साल में दस फीसदी दफ्तरों में भी ये मीटर नहीं लगाए जा सके हैं। अब तक महज सात हजार दफ्तरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाए हैं, जबकि आम उपभोक्ताओं के 11 लाख से ज्यादा मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं।

सरकारी दफ्तरों में अब तक मीटर न लग पाने का कारण यह बताया जा रहा है कि इन दफ्तरों में थ्री फेज मीटर लगने हैं, जो अब तक स्मार्ट मीटर लगाने वाली ठेका कंपनियों के पास आए नहीं हैं। मीटर उपलब्ध होने के बाद ही इन्हें लगाने का काम होगा। सरकारी विभाग ही हमेशा से बिजली बिल जमा करने में लापरवाही करते हैं। इस समय भी सरकारी विभागों पर ढाई हजार करोड़ का बिल बकाया है। बिजली बिल जमा करने के मामले में प्रदेश के सरकारी विभाग ही बेलगाम हैं। इन पर कितना भी बिल बकाया हो जाए, इनका कनेक्शन कट नहीं किया जाता है, लेकिन आम उपभोक्ता का थोड़ा-सा बकाया होने पर पॉवर कंपनी के कर्मचारी कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं। हाल ही में 35 हजार से ज्यादा आम उपभोक्ताओं की बिजली कट की गई तो उपभोक्ताओं ने 25 करोड़ जमा किए। इधर पॉवर कंपनी हमेशा से सरकारी विभागों पर बकाया को लेकर परेशान रही है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद कभी भी ऐसा नहीं हुआ है कि सरकारी विभागों का बकाया पूरी तरह से भुगतान हो गया हो।

- सरकारी विभागों पर है पॉवर कंपनी का ढाई हजार करोड़ बकाया



### सिर्फ सात हजार मीटर ही लगे

प्रदेश में करीब 58 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसके लिए टाटा और जीनस कंपनी को ठेका मिला है। 55 लाख से ज्यादा आम उपभोक्ताओं के यहां मीटर लगने हैं। साथ ही दो लाख से ज्यादा ट्रांसफार्मरों में मीटर लगेंगे, लेकिन अब तक महज 31 सौ ट्रांसफार्मरों में ही मीटर लग पाए हैं। इसी के साथ 129332 सरकारी दफ्तरों में से महज 7107 दफ्तरों में ही मीटर लग पाए हैं।

### यह है वजह

सरकारी दफ्तरों में अब तक स्मार्ट मीटर न लग पाने का कारण पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बता रहे हैं कि इन सभी में थ्री फेज वाले अलग तरह के मीटर लगने हैं। ज्यादातर सरकारी दफ्तरों के कनेक्शन 15 किलोवॉट से ज्यादा के हैं। ऐसे में इन दफ्तरों में लगने वाले मीटर अब तक ठेका लेने वाली कंपनियों के पास उपलब्ध नहीं हैं, इसके कारण मीटर नहीं लग पा रहे हैं। संभावना जताई जा रही है इस माह या फिर अगले माह से सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से किया जाएगा।

## राज्य सरकार ने विधानसभा में पारित कराया है नया संशोधन

# उद्योगों में अब हड़ताल करना आसान नहीं, 42 दिन पहले देनी होगी सूचना, तालाबंदी भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के उद्योगों, कारखानों में काम करने वाले श्रमिक किसी भी समय अपनी मांगों, समस्याओं को लेकर हड़ताल पर नहीं जा सकेंगे। अगर कोई मसला, समस्या हो तो भी श्रमिकों को उद्योग या कारखाना प्रबंधन को छह सप्ताह यानी 42 दिन पहले सूचना देनी होगी। साथ ही अब उद्योग संचालक किसी भी समय अपने उद्योग में तालाबंदी नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार ने यह नियम लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ श्रम कानून संशोधन और विविध प्रावधान विधेयक 2025 को विधानसभा से पारित कराया है। विधेयक को राज्यपाल की अनुमति मिलने के बाद यह राज्य में लागू हो जाएगा।

राज्य सरकार ने यह नई व्यवस्था लागू करने के लिए औद्योगिक विवाद अधिनियम में बदलाव किया है, हड़ताल और तालाबंदी पर प्रतिषेध। इसके तहत लोक उपयोगी सेवा में नियोजित किसी भी व्यक्ति द्वारा हड़ताल करने के पूर्व के छह सप्ताह के भीतर हड़ताल की सूचना नियोजक (उद्योग-कारखाना प्रबंधन) को देनी होगी। साथ ही इस तरह की सूचना देने के 14 दिन के भीतर या किसी हड़ताल की तारीख से पहले सुलह अधिकारी के समक्ष किन्ही सुलह कार्यवाहियों के लंबित रहने के और ऐसी कार्यवाहियों की समाप्ति के सात दिनों के दौरान हड़ताल नहीं कर सकते।

### कारखाना संचालकों को राहत भी

इस विधेयक के प्रमुख उपबंधों में कारखाना अधिनियम के तहत पंजीयन नियमों में ढील दी गई है। अब कारखानों के पंजीयन में चूक होने पर संचालकों को जेल की सजा नहीं भुगतनी पड़ेगी, बल्कि केवल जुर्माना देना होगा। यह संशोधन छोटे और मंझोले उद्यमियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, क्योंकि पहले कठोर दंड के डर से कई उद्योग शुरू करने में हिचकते थे। सरकार का मानना है कि यह कदम व्यवसाय करने की सुगमता को बढ़ाएगा और राज्य में निवेश को प्रोत्साहन देगा।

### राज्यपाल की अनुमति के बाद प्रदेश में होगा लागू



फाइल फोटो



### इन संस्थानों पर लागू होगा ये कानून

विधेयक में कहा गया है कि यह कानून ऐसे औद्योगिक स्थापन को, जो मौसमी प्रकार का नहीं है, या ऐसा स्थापन नहीं है, जिसमें काम केवल आंतरायिक रूप से होता है, लागू होंगे। जिसमें पूर्ववर्ती बारह मास में प्रति कार्यदिवस को औसतन कम से कम सौ कर्मकार नियोजित होते हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने अपने हालिया बजट सत्र में छत्तीसगढ़ श्रम कानून संशोधन और विविध प्रावधान विधेयक 2025 को मंजूरी दे दी है, जो राज्य के श्रम कानूनों और कारखाना अधिनियम में महत्वपूर्ण संशोधनों के साथ औद्योगिक विकास और श्रमिक कल्याण के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है।

### उद्योग-कारखानों में तालाबंदी के पहले भी सूचना देनी होगी

इस संशोधन में यह भी प्रावधान किया गया है कि किसी लोक उपयोगी सेवा को चलाने वाला यानी उद्योग संचालक या कारखाना संचालक को अपने संस्थान में तालाबंदी करने के पहले छह सप्ताह के भीतर तालाबंदी की सूचना संबंधित कर्मकार को देनी होगी। ऐसी सूचना देने के चौदह दिनों के भीतर या या तालाबंदी की तारीख के अवसान से पहले सुलह अधिकारी के समक्ष की किन्ही सुलह कार्यवाहियों के लंबित रहने और ऐसी कार्यवाहियों की समाप्ति के बाद सात दिन के दौरान अपने किसी भी कर्मकार के प्रति तालाबंदी नहीं करेगा।

## महापौर मीनल ने शहीद भगतसिंह को अर्पित की पुष्पांजलि



**रायपुर।** शंकर नगर इलाके के एसआरपी चौक स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष निगम के संस्कृति विभाग की ओर से पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को उनके बलिदान दिवस पर नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। मीनल चौबे ने अमर वीर शहीदों के जीवन से प्रेरणा कर देशप्रेम की भावना से कार्य करने का आव्हान किया।

## भाजपा से तीन और बागी निष्कासित

**रायपुर।** नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम करने वालों को पार्टी से निष्कासित करने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में तीन को और छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। सारंगढ़ जनपद पंचायत चुनाव में पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी के खिलाफ बागी चुनाव लड़ने वाली ममता सिंह ठाकुर, बागी प्रत्याशी का समर्थन करने वाले राजीव सिंह ठाकुर को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। इसी तरह से डोंगरगढ़ नगर पंचायत चुनाव में भाजपा के उपाध्यक्ष प्रत्याशी के खिलाफ बागी चुनाव लड़ने वाले रोहित गुप्ता को भी पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया गया है।

## चकल्लस

### चोर फंसे डकैत बचे

मोक्षित कांड में वहीं हुआ जिसका संदेह पिछली बार चक्कलस में जताया गया था। हालांकि अभी जल्दबाजी है फिर भी गिरफ्तार आरोपियों को देखिए। मैडम को बचा लिया गया है। जबकि मैडम ने ही भुगतान किया। मैडम लंबे समय तक दवा निगम के काले कारनामों की साक्षी रही हैं। लेकिन जब शिकंजा कसा गया तो मैडम अपना तबादला दूसरी जगह कराकर चली गई। बाकी की तरह मैडम से भी पूछताछ की गई लेकिन उन्हें पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। वह वित्त की जीएम रहीं। आरोप खूब लगे। लेकिन पता नहीं क्यों, उन्हें बचा लिय गया। खबरी बता रहा था कि कई डकैत अभी बचे हुए हैं।

### हमारी अधूरी कहानी...

प्रेम-मोहब्बत में आधी-अधूरी कहानियां आम बात है, लेकिन राजनीति में ये अधूरी कहानियां समझ नहीं आती हैं। सोमवार को एनएसयूआई संसद घेरने जा रही है। देशभर से पदाधिकारियों को न्योता मिला। छग के महानुभव भी आमंत्रित किए गए। लेकिन आधे गए और आधे नहीं। क्या है कि एनएसयूआई का जो राष्ट्रीय नेता संसद घेरने जा रहा है, उनके नाम से भी यहां गुट बन गए हैं। उनके गुट वाले समर्थन में ट्रेन में लटकते हुए पहुंच गए बाकि ने तो खत्म...टाटा...बाय-बाय... कह दिया है। वैसे सुनने में तो यह भी आया है कि एनएसयूआई को नया प्रदेशाध्यक्ष इस साल मिल सकता है। ऐसे में जिन्हें उम्मीद है अपना नंबर लगने की वे ही चक्कर लगा रहे हैं और अन्य पैसे बचा रहे हैं।

### ठीक है... चलता है इतना तो

माशिम में जब साफ छवि वाली बड़ी मैडम आईं तो लोगों को उम्मीद बंधी की अब यहां सबकुछ पाक-साफ होगा। किंतु कुछ ही दिनों में अरमान बदल गए, जज्बात बदल गए... अरे भाईसाहब जिंदगी ही बदल गई। दरअसल कसूर बड़ी मैडम का नहीं है। उनके पास अन्य दूसरे कार्य भी हैं। उनके नीचे जो मैडम हैं, वे ही सब काला-पीला करने में जुटी हुई हैं। क्या है ऊपर लेवल पर भी दाना-पानी पहुंचना पड़ता है। हालांकि पहले की तुलना में लेन-देन थोड़ा तो कम हुआ है। इस डिस्काउंट से खुश लोग कहते फिर रहे हैं कि अब ठीक है। इतना तो चलता ही है।

### हार के पीछे की सियासत

छत्तीसगढ़ में जिला पंचायतों के चुनाव में सभी जिलों में कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष पद के प्रत्याशी इस तरह हारे हैं कि सूपड़ा ही साफ हो गया है। रायपुर जिले में जहां कांग्रेस समर्थितों का दबदबा था, वहां भी हार हो गई। खबरी को पता लगा है कि बहुमत होने के बाद भी यहां हार मिलने के सियासी कारण हैं। दरअसल जिला पंचायत सदस्य के एक प्रत्याशी को पार्टी ने अधिकृत नहीं किया था। फिर वह बागी बनकर चुनाव लड़ गया। पार्टी ने आनन-फानन उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया। नतीजा आया तो वह जीत गया, बाद में जब अध्यक्ष चुनाव की बारी आई तो वह कांग्रेस का साथ देने नहीं आया। भाजपा वालों ने उसे अपनी पार्टी में शामिल करा लिया।

### विपक्ष की टेंशन

शहरी सत्ता में विपक्ष इस वक्त भारी टेंशन में है। एक तो पांच साल तक उनका ही राज था, सो समस्याओं का रोना किस मुंह से करें। दूसरा संख्या इतनी कम है कि आवाज ठीक से सुनी जाएगी कि नहीं, यह भी साफ नहीं है। तीसरा टेंशन इस बात का है कि जिन दिग्गजों के नाम की तूती बोलती थी नगर निगम में वे सब या तो हार गए या टिकट ही नहीं मिल पाया। ऐसे में विरोध की जिम्मेदारी आधा दर्जन पार्षदों पर आ गई है। हर तरफ टेंशन ही टेंशन है।

### शहर का बेड़ा गर्क

शहर को कितनी चौपाटी चाहिए और किस कीमत पर? हर गली, हर मुहल्ले और हर इलाके में चौपाटी ही चौपाटियां खुल रही हैं। खुलें कोई समस्या नहीं है। लेकिन किस कीमत पर। शहर में गिने चुने तालाब और मैदानों की कीमत पर? नेताओं और अफसरों का पेट इतना बड़ा है कि जितना पैसा खा जाएं भरता नहीं है। बूढ़ातालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर इतना पैसा खर्च किया जा चुका है कि उतने पैसे में दस तालाब बनाए जा सकते थे। उसके बाद फिर उसे चौपाटी के लिए घेरा जा रहा है। साइंस कालेज की खाली जमीन पर पहले से चौपाटी बना दी गई है। कटोरा तालाब में चौपाटी। केवल एक सवाल का जवाब पूछिए...एक बार अगर मैदान और तालाब खत्म हो गए तो क्या उन्हें वापस लाया जा सकता है?

### निलंबन का दर्द...

फाल्स क्लेम ट्रिगर के आंकड़ों के आधार पर निजी अस्पतालों को घेरे लेने वाली आयुष्मान स्टेट नोडल एजेंसी की छापामार टीम दूसरी पारी नहीं खेल पाई। पहली पारी में कई बड़े अस्पतालों को योजना से आउट करने वाली टीम दूसरी बार केवल अस्पतालों तक पहुंच पाई। वापसी के बाद कमियों के आधार पर निलंबन की फाइल तैयार ही नहीं हो सकी। जांच टीम में शामिल सदस्यों ने अपनी पीड़ा बताई कि गलती से पहले दौर में ऐसे अस्पतालों पर हाथ डाल दिया, जिनके पास सरकार की नब्ज है। उनके निलंबन से दर्द उठना स्वाभाविक था, सो असर का दर्द जांच टीम पर हुआ और नेशनल फ्रॉड यूनिट की जानकारी ठंडे बस्ते में चली गई।

### फिर हुए एक्टिव...

पांच लोगों की गिरफ्तारी के बाद रीएजेंट घोटाले और स्वास्थ्य मामलों में दिलचस्पी रखने वालों की सक्रियता फिर बढ़ गई है। प्रदेश के हेल्थ सिस्टम के साथ सीजीएमएससी के समूचे कार्यकलाप को कटघरे में खड़ा किया जाने लगा है। नब्बे फीसदी आरोपों की बौछार हो रही है, इस बीच दस फीसदी ऐसे लोग भी सक्रिय हो चुके हैं, जो इस गर्म माहौल में अपने हाथ सेंक रहे हैं। सप्लायर एजेंसियों से सांठगांठ करने और अफसरों से खुन्नस निकालने बयानबाजी का दौर भी शुरू हो चुका है।

### बड़े को छोटा, छोटे को बड़ा...

बिहार स्थापना दिवस पर राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के कई जिलों में कार्यक्रम किए गए। कुछ स्थानों के कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव भी शामिल हुए। खबरी बता रहा था, राजधानी के कार्यक्रम के लिए आमंत्रण पत्र में पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बतौर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का नाम लिखा गया, अध्यक्षता में प्रदेश प्रभारी का नाम लिखा गया। ये आमंत्रण पत्र भेज भी दिए गए, लेकिन जब बाद में गलती का अहसास हुआ तो आमंत्रण पत्र में संशोधन करते हुए मुख्य अतिथि में प्रदेश प्रभारी और अध्यक्षता में प्रदेशाध्यक्ष का नाम लिखकर फिर से आमंत्रण पत्र भेजे गए। अब इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर वह कौन महानुभव हैं, जिन्होंने बड़े को छोटा और छोटे को बड़ा बनाने का काम किया।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा।

# मुख्यमंत्री साय बोले- शुक्लजी ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान



- साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के घर पहुंचकर सीएम ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को राजधानी रायपुर स्थित वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री शुक्ल को ज्ञानपीठ सम्मान देने की घोषणा पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने श्री शुक्ल से कहा, आपने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी प्रदेशवासियों की तरफ से श्री शुक्ल का सम्मान करते हुए उन्हें शॉल-श्रीफल तथा बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह नंदी भेंट किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री शुक्ल से कहा, साहित्य के क्षेत्र में आपके विशिष्ट योगदान पर आपको देश का सबसे प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ सम्मान दिए जाने की घोषणा से पूरा प्रदेश गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। यह मेरा सौभाग्य है कि आज खुशी के इस पल में आपसे भेंट करने का मुझे अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उनका कुशलक्षेम पूछते हुए उनके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आप राजनांदगांव के रहने वाले हैं। नांदगांव छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी है। वहां गजानन माधव मुक्तिबोध, डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी और बलदेव प्रसाद मिश्र जैसे साहित्यकारों ने अपनी साहित्य साधना की है। मुख्यमंत्री द्वारा राजनांदगांव का जिक्र किए जाने पर श्री शुक्ल ने अपने बचपन की नांदगांव की स्मृतियां उनके साथ साझा की।

श्री शुक्ल ने कहा कि मेरा जन्म राजनांदगांव में हुआ। बचपन का वह नांदगांव आज भी मेरे मन पर छाया हुआ है। मैं आज भी वहां जाता हूं तो उसी नांदगांव को ढूंढने की कोशिश करता हूं, मगर अब समय के साथ काफी बदलाव आ गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, जनसंपर्क आयुक्त रवि मित्तल मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफे की मांग को विधायक सोनी ने बताया हास्यास्पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कांग्रेस की उस मांग को हास्यास्पद बताया है, जिसमें उन्होंने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से इस्तीफा देने की मांग की है। श्री सोनी ने कहा, सैकड़ों करोड़ का घोटाला करने वाले कांग्रेसी अब उनके कर्मों की हो रही जांच से हताश एवं घबराए हुए हैं और अनर्गल प्रलाप कर प्रदेश को गुमराह करने में लगे हैं। भाजपा सरकार ने जिस तत्परता से ईओडब्ल्यू से जांच कराकर छत्तीसगढ़ के पैसों का दुरुपयोग करने वालों को जेल भेजने का कार्य किया है, वह सराहनीय है। श्री सोनी ने कहा, कांग्रेस शासन में छत्तीसगढ़ में सीबीआई को प्रतिबंधित करने वाले आज उसी से जांच की मांग कर समय काटने का रास्ता देख रहे हैं, ताकि भ्रष्टाचारियों के बचाव के जुगाड़ खोजे जा सकें। स्वास्थ्य मंत्री से त्यागपत्र की मांग करने वाले लोग अपने शासनकाल में खुली आंखों से इस भ्रष्टाचार को देखते रहे, जो इस घोटाले में इनकी हिस्सेदारी का भी संदेह पैदा करता है। श्री सोनी ने स्वास्थ्य मंत्री को निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई के लिए बधाई देते हुए मांग की है कि बड़े से बड़े अधिकारी एवं कांग्रेस के नेताओं की संलिप्तता को उजागर कर दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए, ताकि भविष्य में छत्तीसगढ़ को लूटने का दुस्साहस कोई न कर सके।



- भाजपा सरकार ने जिस तत्परता से ईओडब्ल्यू से जांच कराकर छत्तीसगढ़ के पैसों का दुरुपयोग करने वालों को जेल भेजने का कार्य किया है, वह सराहनीय

## मड थेरेपी के साथ हृदय रोग, मधुमेह और दंत चिकित्सा के लिए निशुल्क शिविर



- समता कालोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभा भवन में शिविर

**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन प्रांतीय इकाई द्वारा समता कालोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभा भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया है। जिसमें मड थैरेपी शिविर में उदयपुर के प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम मरीजों के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उनका उपचार कर रही है। इसके साथ ही दंत चिकित्सा, हृदय रोग, मधुमेह के उपचार के लिए शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक सेवा देने पहुंचे हैं। शिविर का शुभारंभ 19 मार्च को हुआ यह शिविर 25 मार्च तक जारी रहेगा। 19 मार्च से लेकर 23 मार्च शिविर स्थल पर पहुंचकर 1000 मरीजों ने इसका लाभ प्राप्त किया। शिविर में रविवार को डॉक्टर सुनील गुनियाल द्वारा हृदय रोग से संबंधित मरीजों का उपचार करते हुए उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही मधुमेह की जांच के लिए डॉक्टर निरमेश सिंघानिया अपनी टीम के साथ मरीज को जानकारी देने पहुंचे। दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर साक्षी अग्रवाल ने दांतों से संबंधित परेशानी लेकर पहुंचे मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श देकर उपचार किया। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल महामंत्री मुरली अग्रवाल युवा चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल युवा अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया रविवार को शिविर में मरीजों के शुगर बीपी, HB1C नसों की जांच लिक्विड प्रोफाइल खून प्रभाव की जांच और ईसीजी निशुल्क प्रदान की गई। साथ ही खान-पान से संबंधित डाइटिशियन द्वारा पंजीकृत मरीजों को जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें चार्ट प्रदान किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे शामिल

शिविर में विशेष रूप से अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद अग्रवाल , प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल महामंत्री मुरली अग्रवाल युवा इकाई अध्यक्ष कर्तव्य अग्रवाल प्रदेश युवा अध्यक्ष प्रमोद जैन सम्मेलन कोषाध्यक्ष विकाश अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अग्रवाल सम्मेलन के साथ ही युवा सम्मेलन महिला सम्मेलन की पूरी टीम जुटी हुई है।

## मिनी गोल्फ में कांस्य पदक जीतने पर रंजीता को किया सम्मानित, दिया 1 लाख 20 हजार का चेक



**रायपुर।** सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व खेल मंत्री टंकराम वर्मा की उपस्थिति में सीएम हाउस में 37वें नेशनल गेम्स के मिनी गोल्फ खेल में कांस्य पदक जीतने पर रायपुर की रंजीता खलखो को प्रोत्साहन राशि के रूप मे 1 लाख 20 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। स्मृति चिन्ह पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री, खेल मंत्री एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग का आभार व्यक्त किया है।



हरिभूमि
रायपुर भूमि






पहले बगीचे और अब तालाब...

# चौपाटी से चौपट हो रहा शहर का सौंदर्य

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर शहर की पहचान रहे शहर के ऐतिहासिक तालाब, जहां लोग सुबह-शाम ताजी हवा में सांस लेने, सुकून के कुछ पल बिताने जाते थे, उन तालाबों को री-क्रिएशन जोन के नाम पर चौपट करने का सिलसिला चल पड़ा है। पहले सिविल लाइंस इलाके में स्थित कटोरा तालाब से लगे हिस्से में नगर निगम ने चौपाटी बनाकर कमाई का जरिया ढूंढ निकाला, उसके ▶▶ शेष पेज 14 पर




■ री-क्रिएशन जोन के नाम पर व्यवसायीकरण की भेंट चढ़ रहे सरोवर

### बूढ़ातालाब किनारे पाथवे घेरकर खुलने जा रही चौपाटी

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी बूढ़ातालाब किनारे लोगों के आने-जाने के लिए बनाए गए पाथवे वाली जगह घेरकर चौपाटी खोलने जा रही है। 17 लोहे के भारी-भरकम कंटेनर खड़े किए गए हैं। इस कंटेनर में 85 दुकानें रहेंगी। साथ ही दानी स्कूल और डिग्री कॉलेज के एंट्री पाइंट वाले हिस्से के सामने रूफटॉप कैफे खोला जा रहा है, जिससे छात्राओं की निजता खतरे में पड़ जाएगी। वहीं एजेंसी के साथ किए गए एग्रीमेंट में एल्कोहल सेवन की अनुमति भी है। सूत्रों के अनुसार, रूफटॉप रेस्टारेंट में शराब पिलाने की तैयारी है।

### तेलीबांधा स्थित मैथिलीशरण गार्डन उजाड़कर एडवेंचर पार्क तालाब किनारे फूड जोन

शहर के तेलीबांधा सरोवर परिसर में स्थित नगर निगम के मैथिलीशरण गार्डन में पहले लोग परिवार के साथ हरे-भरे पेड़ पौधों और सुंदर हरियाली के बीच टहलने तथा सेहत दुरुस्त करने के लिए पहुंचते थे। वहां निगम की अनुबंधित ठेका एजेंसी ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा के आसपास झूले और



ड्रॉप टावर खड़ा कर दिया है। गार्डन उजाड़कर यहां व्यावसायिक रूप से एडवेंचर गेम्स संचालित किए जा रहे हैं। लोगों ने इसका विरोध भी किया, पर री-क्रिएशन जोन के नाम पर बगीचे का उपयोग धड़ल्ले से जारी है।वहीं तालाब से लगे क्षेत्र में खाने-पीने के सामान बेचने फूड जोन संचालित किए जा रहे हैं। नगर निगम ने तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर महंगी रंगबिरंगी लाइटें लगवाईं, जो एक अरसे से बंद पड़ी हैं।

### पाथवे पर चला रहे थे टॉय ट्रेन निगम ने किया था जब्त

तेलीबांधा तालाब किनारे लोगों के आने-जाने के लिए पाथवे बनाया गया है। सालभर तक यहां निगम की अनुमति के बिना पाथवे पर ठेका एजेंसी द्वारा ट्राय ट्रेन चलाई गई। लोगों ने इसकी शिकायत की, तब कहीं नगर निगम जोन-3 की टीम ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए स्पॉट पर जाकर टॉय ट्रेन जब्त की। जबकि पाथवे आम जनता के आने-जाने के लिए सुरक्षित रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### पारिवारिक विवाद में चचेरे भाई पर चाकू से हमला



**रायपुर।** उरला थाने में एक युवक ने पारिवारिक विवाद के चलते अपने चचेरे भाई के खिलाफ चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चाकूबाजी की घटना में युवक गंभीर रूप से घायल है। अभिषेक गेंद्रे के भाई जयप्रकाश ने मोहित चतुर्वेदी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जयप्रकाश ने पुलिस को बताया कि पारिवारिक रंजिश के चलते मोहित ने शनिवार दोपहर अभिषेक पर चाकू से हमला कर दिया।

### पानी भरने के विवाद में महिला पर कुदाल से हमला

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक अधेड़ महिला ने एक युवक तथा एक अन्य के खिलाफ पानी भरने के विवाद में उसके ऊपर जानलेवा हमला करने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बजरंग चौक निवासी मालती साहू ने रूपेश साहू तथा एक अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह सार्वजनिक नल में पानी भरने गई थी। इस दौरान रूपेश तथा उसका साथी महिला के साथ पानी भरने की बात को लेकर विवाद करने लगा और रूपेश ने कुदाली से महिला पर हमला कर दिया।

### एयरपोर्ट से विधानसभा तक नो मैंस लैंड

**रायपुर।** विधानसभा के रजत जयंती समारोह में शामिल होने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज रायपुर पहुंच रही हैं। राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए सुरक्षा बलों ने रविवार को फायनल रिहर्सल किया। साथ ही आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। राष्ट्रपति की सुरक्षा में सात सौ जवान तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति के एयरपोर्ट से विधानसभा पहुंच मार्ग को नो मैंस लैंड घोषित किया गया है। राष्ट्रपति के आने के समय रूट डायवर्ट किया जाएगा।

### दो पक्षों में जमकर मारपीट एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट

**रायपुर।** विधानसभा थाने में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। एक पक्ष ने पुलिस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के नाम पर पैसों की मांग करने का आरोप लगाया है। दोंदेकला निवासी राजू लहरे ने राजेश गीतलहरे तथा अन्य के खिलाफ मकान में तोड़फोड़ करने तथा मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने राजू तथा उसके परिवार के लोगों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### बूंदाबांदी के बाद छंटे बादल शुरू होगा गर्मी बढ़ने का दौर

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के प्रभाव से छाए बादल सुबह राजधानी के कई इलाकों में मामूली रूप से बरस पड़े। इसके बाद धूप निकली और उमस वाली बेचैनी से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। रविवार को प्रदेश का सर्वाधिक तापमान 35.6 जगदलपुर में रिकार्ड किया गया, वहीं रायपुर का पारा 35 डिग्री पर रहा।

दवा कॉर्पोरेशन का खरीदी घोटाला, पहले दिन अलग-अलग पूछताछ

# ईडीए ट्यूब ने कौशिक को लपेटा, पाटनवार पर रीएजेंट की फालतू खरीदी पड़ गई भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**घोटाले में हाईलेवल की सहभागिता के बारे में भी ली जा रही जानकारी**

सीजीएमएससी के रीएजेंट और उपकरण घोटाले में रिमांड पर लिए गए अधिकारियों से पहले दिन अलग-अलग पूछताछ की गई। खुलासा हो रहा है कि गिरफ्तार बसंत कौशिक को 8.50 के ईडीए ट्यूब के लिए 2352 रुपए पर सहमति देना भारी पड़ा है। कमलकांत पाटनवार ने करोड़ों की अनावश्यक रीएजेंट की खरीदी को सहमति दी थी, वहीं तीसरे अफसर डॉ. अनिल परसाई ने अनावश्यक डिमांड कर खरीदी की सिफारिश की। इस महाघोटाले में हाईलेवल के अधिकारियों की सहभागिता के बारे में भी गिरफ्तार अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है।

ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार रात इस बड़े घोटाले में तत्कालीन प्रबंधक उपकरण बसंत कुमार कौशिक, तत्कालीन उप प्रबंधक उपकरण कमलकांत पाटनवार, तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर स्टोर डॉ. अनिल परसाई एवं तत्कालीन बायोमेडिकल इंजीनियर क्षिरौद्र रौतिया और दीपक कुमार बंधे को गिरफ्तार किया था। शनिवार को न्यायालय में पेश कर उन्हें 28 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है। बसंत कौशिक के कार्यकाल में 8.50 के ईडीए ट्यूब की खरीदी थी, जिसमें शेल कंपनी के टेंडरों के बीच मोक्षित कॉर्पोरेशन को 2352 रुपए की दर पर सप्लाई का आर्डर हुआ था। कौशिक के खिलाफ ▶▶ शेष पेज 14 पर

हरिभूमि फॉलोअप


8.50 के ट्यूब को 2352 रुपए, 5 लाख की सीबीसी मशीन को 25 लाख में खरीदा

दवा निगम में भ्रष्टों का किला ढहा, तत्कालीन जीएम सहित पांच अरेस्ट, सात दिन की रिमांड

हरिभूमि की लंबी मुहिम का असर...

■ ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार रात 5 अधिकारियों को किया गिरफ्तार

■ न्यायालय में पेश कर उन्हें 28 मार्च तक लिया गया रिमांड पर



### कई गुना अधिक कीमत पर खरीदी

मोक्षित कॉर्पोरेशन द्वारा अधिकारियों से मेलजोल कर न केवल ऊलजुलूल आर्डर लिए गए, बल्कि सप्लाई के बाद बड़ी राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया। हजारों गुना अधिक कीमत पर खरीदी के बावजूद भुगतान पर किसी भी अधिकारी ने आपत्ति नहीं जताई। इसे भी जांच में लिए जाने की संभावना है और मोक्षित कॉर्पोरेशन को भुगतान करने में अतिरिक्त दिलचस्पी दिखाने वाले अधिकारियों के भूमिका की जांच किए जाने का अनुमान है।

### जारी हो सकता है निलंबन आदेश

ईओडब्ल्यू की टीम ने जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया है उनमें से चार वर्तमान में शासकीय रूप से कार्यरत हैं। बसंत कौशिक खाद्य एवं औषधि प्रशासन में पदस्थ हैं, वहीं कमलकांत, क्षिरौद्र रौतिया और दीपक कुमार सीजीएमएससी में सेवा दे रहे हैं। दवा कॉर्पोरेशन की एमडी पद्मिनी भोई साहू ने तो महीनेभर पहले तीनों को हटाने के लिए विभागीय स्तर पर अनुमति भी मांगी थी। गिरफ्तारी की वजह से संभवतः सोमवार को इनके निलंबन का आदेश भी जारी कर दिया जाएगा।

### गिरफ्तारी की संभावना अभी भी

660 करोड़ के इस बड़े घोटाले में अभी और गिरफ्तारी की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है। ईओडब्ल्यू संगठित तरीके से की गई इस बड़ी गड़बड़ी में अब तक छह लोगों गिरफ्तार कर चुकी है। घोटाले के दौरान स्वास्थ्य संचालनालय और सीजीएमएससी में पदस्थ आला अधिकारियों से भी ईओडब्ल्यू टीम पूछताछ कर चुकी है। रिमांड अवधि में गिरफ्तार अधिकारी-कर्मचारी से मिले सबूत के आधार अन्य लोगों पर भी हाथ डाले जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है।

# सेजबहार में धर्मांतरण पर बवाल, दो महिलाओं समेत पांच हिरासत में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण करने को लेकर हर सप्ताह विशेषकर रविवार को विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। राजधानी के मुजगहन थाना क्षेत्र में चल रहे एक मकान में प्रार्थना सभा को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

■ डब्लूआरएस कॉलोनी में रेलवे की जमीन पर निर्माणाधीन चर्च को लेकर हंगामा

पुलिस ने कथित तौर पर धर्मांतरण कराने के आरोप में विरेंद्र कुमार साहू, ओम प्रकाश कौशल, लीलाधर कौशल, कविता साहू तथा तिलेश्वरी कौशल को हिरासत में लिया है। पुलिस को जुलूम टेकारी गांव के एक मकान में सुबह साढ़े 11 बजे प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण कराए जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद होने की जानकारी मिली। मौके पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सौ से डेढ़ सौ कार्यकर्ता मौके पर ▶▶ शेष पेज 14 पर

खास खबर

### हिन्दू संगठन ने मतांतरण का आरोप लगाकर मचाया हंगामा, 7 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मोपका में एक समाज के द्वारा प्रार्थना सभा आयोजन करने पर हिन्दू संगठन के लोगों ने मतांतरण करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने अलग-अलग चार मामले दर्ज कर 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मोपका सहायता केन्द्र प्रभारी संजीव सिंह ठाकुर ने बताया, रविवार को मोपका कुटीपारा के दो तीन मकान में एक समाज के लोगों के द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। जानकारी होने पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और मतांतरण कराने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मतांतरण कराने वाले 7 लोगों को पकड़कर सहायता केंद्र लेकर आई। पुलिस ने विश्व हिन्दू व बजरंग दल के सदस्यों की रिपोर्ट पर अलग अलग चार प्रकरण दर्ज कर धारा 3 छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्र अधिनियम 1968 के तहत मनोज कुमार ▶▶ शेष पेज 14 पर

# 100वें दिन भगत सिंह के वेश में बेड़ियां पहनकर सड़क पर उतरे सहायक शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

समायोजन की मांग कर रहे बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों के आंदोलन का रविवार को 100वां दिन रहा। 23 मार्च को क्रांतिकारी भगतसिंह, सुखदेव तथा राजगुरु के बलिदान पर शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तर्ज पर बर्खास्त शिक्षक कैदियों के वेश में जंजीरों में जकड़े नजर आए। बीएड शिक्षकों ने भाठागांव बस स्टैंड से भगत सिंह चौक तक विशाल रैली निकाली तथा भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण ▶▶ शेष पेज 14 पर

■ बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों ने मनाया शहीद दिवस

■ भाठागांव से भगतसिंह चौक तक निकाली विशाल रैली

### 14 दिसंबर से जारी है प्रदर्शन

नौकरी से निकाले जाने के निर्णय के बाद बीएड शिक्षक 14 दिसंबर से तूता धरनास्थल पर समायोजन की मांग को लेकर डटे हुए हैं। उनके संघर्ष को 100 दिन पूरे हो गए। शासन द्वारा अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया है। गौरतलब है कि बीएड शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमिटी गठित की गई है, लेकिन गठन के 3 माह बाद भी यह कमिटी अब तक कोई निष्कर्ष नहीं निकाल पाई है।

### समायोजन के बाद ही समाप्त होगा धरना

शिक्षकों का कहना है कि उनकी नियुक्ति व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से पूरे नियमों के तहत हुई थी। एनसीटीई की चूक तथा नियमों में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से नौकरी चली गयी। राज्य में हजारों पद रिक्त हैं, जहां योग्यतानुसार इनका समायोजन किया जा सकता है। पिछले 3 महीनों से ये शिक्षक तूता धरना स्थल पर अनूठे प्रदर्शनों के माध्यम से सरकार से सेवा-सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। उनका कहना है कि समायोजन की मांग पूरी होने पर ही आंदोलन को समाप्त किया जाएगा।

# चैंबर चुनाव में तीन प्रमुख पदों पर 'निर्विरोध' के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन चैंबर ऑफ कॉमर्स में 3 प्रमुख पदों पर निर्विरोध निर्वाचन के आसार हैं। प्रदेश महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए तो सिंगल नाम थे, मगर अध्यक्ष पद के लिए जय व्यापार पैनल और व्यापारी एकता पैनल के संयुक्त प्रत्याशी सतीश थौरानी के खिलाफ जीवत बजाज ने नामांकन दाखिल कर दिया था। इससे अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की नौबत आ गई थी, पर बाद में जीवत बजाज ने सतीश थौरानी के समर्थन का ऐलान कर निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता आसान कर दिया, यानी अध्यक्ष पद के लिए संयुक्त पैनल के प्रत्याशी सतीश थौरानी चैंबर के नए प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए अजय भसीन, कोषाध्यक्ष के ▶▶ शेष पेज 14 पर

■ 26 में से 7 जिलों में उपाध्यक्ष, मंत्री के लिए चुनाव

■ रायपुर जिले के सभी उपाध्यक्ष और मंत्री निर्विरोध

### सिंगल नाम आने से रायपुर जिले में उपाध्यक्ष, मंत्री निर्विरोध

8 उपाध्यक्ष : लोकेश जैन, नीलेश मुंदड़ा, शंकर बजाज, टी. श्रीनिवास रेड्डी, राजकुमार तारवानी, मनोज जैन, कन्हैयालाल गुप्ता, अशोक अग्रवाल

8 मंत्री : रविंद्र चावला, अमर बरलोटा, दीपक विधानी, भरत पमनानी, राकेश वाधवानी, प्रशांत गुप्ता, कीर्ति पटेल, आकाश धावना।

# 21 हजार के लिए छपवाए प्रश्नपत्र, पहुंचे सिर्फ 1900 इनसे पूछा- मछली का विकास, केकड़े का आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**रायपुर में 54 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा**

व्यापम द्वारा रविवार को मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा के लिए युवाओं में शुरुआती चरण में क्रेज देखने को मिला। थोक में आवेदन भी किए गए, लेकिन जब परीक्षा का दिन आया तो परीक्षार्थी ही नदारत हो गए। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए मात्र रायपुर में ही केंद्र बनाए गए थे। यहां 54 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा हुई। इसके लिए 21 हजार 93 कैंडिडेट्स ने आवेदन किए थे। इनमें से सिर्फ 1905 ही उपस्थित रहे। शेष 19 हजार 188 ने परीक्षा ही छोड़ दी। इस तरह से परीक्षा दिलाने 10 प्रतिशत कैंडिडेट्स भी नहीं पहुंचे।

व्यापम द्वारा मत्स्य निरीक्षक के 70 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती की जाएगी। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक चली। परीक्षार्थियों की संख्या को देखते हुए परीक्षा से पूर्व ऑब्जर्वर्स के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। पूरी तैयारी धरी की धरी रह गई, जब परीक्षा दिलाने ▶▶ शेष पेज 14 पर



### रोचक रहे सवाल

परीक्षा में मछली पालन से संबंधित सवाल पूछे गए। अधिकतर सवाल रोचक रहने के साथ-साथ कठिन रहे। परीक्षार्थियों से पूछा गया कि 0 डिग्री तापमान के नीचे बर्ष की विशिष्ट ऊष्मा कितनी होती है, पारंपरिक लकड़ी की नाव किसके प्रति संवेदनशील होती है, केंद्रीय मत्स्यकी शिक्षा संस्थान कहां है, केंद्र सरकार की जिम्मेदारियां क्या हैं, जैसे सवाल परीक्षा का हिस्सा रहे। इसके अलावा आद्रता मापने का उपकरण, मछली के अंडों का विकास क्रम, सरोवर विज्ञान के संस्थापक, केकड़ा के आहार, शैल फिश, फिश कैनिंग से जुड़े सवाल भी शामिल रहे।


### पीईटी व पीपीएचटी के लिए आवेदन शुरू

एक तरफ व्यापम भर्ती परीक्षाओं में कैंडिडेट्स शामिल नहीं हो रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रतिवर्ष होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। पीईटी व पीपीएचटी आवेदन के लिए पोर्टल 20 मार्च से खोल दिए गए हैं, जो 17 अप्रैल तक खुले रहेंगे। त्रुटि सुधार के लिए 18 से 20 अप्रैल का समय दिया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में 33 जिला मुख्यालयों में होगी। प्रवेश पत्र 29 अप्रैल को जारी होंगे। व्यापम की नई वेबसाइट पर जाकर छात्र आवेदन कर सकते हैं।

## हार्निया के मरीज को सर्जरी के लिए एम्स में मिली डेढ़ साल की वेटिंग

**रायपुर।** मरीजों को रेफर करने के लिए बदनाम हो चुका एम्स उपचार के लिए भी मरीजों को लंबा इंतजार करा रहा है। हार्निया की सर्जरी के लिए पहुंचे पेशेंट को डेढ़ साल की वेटिंग दे दी गई। एम्स के खिलाफ आने वाली इस तरह

■ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत करेगी छग सिविल सोसायटी



की विभिन्न शिकायतों के आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से इसकी शिकायत करेगी।

सिविल सोसायटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने बताया कि एम्स में मरीजों को सही समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। हार्निया से पीड़ित मरीज सितंबर 2024 में जब इलाज के ▶▶ शेष पेज 14 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# अंबानी के जू वनतारा के लिए अब दिए जाएंगे एक सफेद और तीन काले भालू शावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जंगल सफारी प्रबंधन अनंत अंबानी के गुजरात जामनगर स्थित ग्रीन जूलॉजिकल, रेस्क्यू एंड रिहैबलिटेशन सेंटर वनतारा को एक सफेद तथा तीन काले भालू शावक देने जा रहा है। बदले में दो जेब्रा के साथ चार मीरकैट लाने की योजना है। पिछले दिनों प्रकाशित हरिभूमि की खबर पर आखिरकार मुहर लग ही गई। पूर्व में दो सफेद के साथ दो काले भालू देने का निर्णय लिया गया था, जिसमें बाद में संशोधन करते हुए दो सफेद की जगह एक सफेद भालू देने का निर्णय लिया गया। इसी तरह से मीरकैट दो की जगह अब चार लाए जाएंगे।

■ बदले में चार मीरकैट, दो जेब्रा लाए जाएंगे

जंगल सफारी प्रबंधन को वन्यजीवों की अदला-बदली करने की अनुमति मिली है, उसके मुताबिक, जो भालू दिए जाएंगे, वे सभी शावक होंगे। पूर्व में वयस्क भालू देने की सीजेडए ने अनुमति दी थी। पूर्व में दी गई अनुमति में सफेद भालू देने की बात का उल्लेख नहीं किया गया था। बाद में नए सिरे से अनुमति प्रदान की गई, उसमें सफेद भालू देने का उल्लेख किया गया है।

## डॉक्टर नहीं होने की वजह से वन्यजीवों की अदला-बदली अटकी

### डॉक्टर नहीं होने की वजह से रुकी शिफ्टिंग

सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविशा समाजदार के अनुसार, वन्यजीवों का स्थानातरंण करने की प्रक्रिया चल रही है। वर्तमान में जंगल सफारी में वन्यजीव चिकित्सक की कमी है, इसके चलते वन्यजीवों का स्थानांतरण नहीं हो पा रहा है। सफारी में जैसे ही नए वन्यजीव चिकित्सक की नियुक्ति होगी। अदला-बदली की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।




### जंगल में छोड़े जाने की पैरवी कर रहे जानकार

वन्यजीवों के जानकारों के अनुसार, वन्यजीव अगर स्वस्थ है तो उसे जू में मानव संपर्क से बचाते हुए प्राकृतिक तरीके से जीवन जीने प्रशिक्षित कर उनके मूल रहवास क्षेत्र में छोड़े जाने की पैरवी कर रहे हैं। इस तरह का प्रयोग मध्यप्रदेश में हो चुका है। बांधवगढ़ स्थित टाइगर रिजर्व में लावारिस हालत में मिली मादा शावक को वन विभाग के अफसरों ने एक अलग बाड़ा बनाकर रखा और बाघ शावक को मानव संपर्क से दूर रखा। शावक के बड़े होने के बाद उसे सतपुड़ा के घने जंगल में छोड़ा गया, जो आज पूरी तरह से स्वस्थ है और अपनी टेरिटरी में रह रही है।

## खबर संक्षेप



### विश्व शांति अखंड ब्रह्म यज्ञ में देशभर के हजारों भक्त होंगे शामिल

रायपुर। गॉस मेमोरियल मैदान में तीन दिवसीय 27 से 29 मार्च तक विश्व शांति अखंड ब्रह्म यज्ञ 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सत्य सनातन अलेख महिमा धर्म विकास समिति के संस्थापक व राष्ट्रीय प्रचारक राष्ट्रीय संत बाबा उदयनाथ के नेतृत्व में किया जाएगा। इसी दौरान राष्ट्रीय संत बाबा ने बताया कि विश्व शांति यज्ञ के पहले सैकड़ों महिलाओं द्वारा एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। इस कलश यात्रा में देशभर के प्रतिष्ठित साधु-संत और हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। इस यज्ञ का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति, सामाजिक समरसता, जनकल्याण और आध्यात्मिक जागरण को बढ़ावा देना है। यह आयोजन सभी धर्मों और समुदायों के लोगों को एक साथ लाने वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और स्थानीय संचार माध्यमों के जरिए लोगों को इस पवित्र यज्ञ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

### दिनेश की वापसी, बने शिवसेना के जिलाध्यक्ष

रायपुर। छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय परिहार ने प्रदेश संगठन में कई बड़े बदलाव किए हैं। इसी क्रम में अनुभवी नेता दिनेश सिंह ठाकुर को रायपुर जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर 7 साल बाद पार्टी संगठन में उनकी पुनः वापसी कराई गई है। उनकी नियुक्ति से शिवसेना के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।



## निधन

### जानकी शुक्ला

रायपुर। ब्राह्मणपारा निवासी जानकी शुक्ला (82) का 22 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 मार्च को मारवाड़ी श्मशानघाट के किया गया। वे ग्रैंड न्यूज के संपादक संजय शुक्ला और संदीप शुक्ला की माता एवं ऐश्वर्य शुक्ला की दादी थीं।



### डॉ. हरेंद्र बिक्रोल

रायपुर। एनआईटी रायपुर के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरेंद्र बिक्रोल का 23 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 मार्च को सुबह 11.30 बजे एनआईटी परिसर से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मोना बिक्रोल के पति, अहाना और विहाना के पिता थे।



## ठगी के साथ सट्टे की रकम ट्रांजेक्शन करने का आरोप

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कर्नाटका बैंक के 169 खाताधारकों पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के अलग-अलग बैंकों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर म्यूल अकाउंट खुलवाने वाले खाताधारकों के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। रेंज साइबर पुलिस की शिकायत पर सिविल लाइंस तथा गंज पुलिस ने 169 खाताधारकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 111, 317(2), 317(4) तथा 317(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। इसके पूर्व रेंज साइबर पुलिस ने म्यूल अकाउंट खुलवाने वाले खातधारकों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

■ आने वाले दिनों में फर्जी अकाउंट खुलवाने वाले और लोगों के खिलाफ दर्ज की जाएगी रिपोर्ट

सिविल लाइंस में बैंक ऑफ महाराष्ट्र में म्यूल अकाउंट खुलवाने वाले 128 तथा गंज में कर्नाटका बैंक में म्यूल अकाउंट खुलवाने वाले 41 खाताधारकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। जनवरी में रेंज साइबर पुलिस ने ऑपरेशन शील्ड चलाकर म्यूल अकाउंट खोलने वाले खाताधारकों के खिलाफ कार्रवाई की थी।


राज्य के तीन शहरों में चल रही कार्रवाई, रायपुर में हो रहे नए खुलासे, पैसा विदेश भेजा गया

छत्तीसगढ़ बना म्यूल अकाउंट का हब, साइबर जालसाजों ने खड़ी की कंपनी, 5000 खाते ब्लॉक

फर्जी कंपनी खोलकर 429 करोड़ ठिकाने लगाए

साइबर के जालसाजों ने विदेश भेजे थे 429 करोड़ रुपए, दो और गिरफ्तार

इसलिए लालच में फंस रहे लोग

कंबोडिया से हो रहा था संचालन

### एक करोड़ का ट्रांजेक्शन

पुलिस ने जिन खाताधारकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है, उनके अकाउंट में एक करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन होने की जानकारी मिली है। जिन लोगों के अकाउंट के माध्यम से रुपए ट्रांजेक्शन किए गए हैं, उनके अकाउंट में ज्यादातर समय न्यूनतम बैलेंस रहा है। अचानक ही मोटी रकम ट्रांसफर की गई है। ज्यादातर रुपए दूसरे राज्य के बैंकों में ट्रांसफर किए गए हैं।

### चिन्हित अकाउंट करेंगे ब्लॉक

जिन लोगों के अकाउंट पुलिस ने म्यूल मानकर एफआईआर दर्ज की है। उनके अकाउंट ब्लॉक कराने की प्रक्रिया पुलिस ने शुरू कर दी है। अकाउंट ब्लॉक होने के बाद संबंधित अकाउंट में लेन-देन पूरी तरह से बंद हो जाएगा। साथ ही अकाउंट में जमा रकम सीज हो जाएगी।

### म्यूल अकाउंट के खिलाफ पहली बड़ी कार्रवाई

म्यूल अकाउंट खुलवाने वालों के खिलाफ रेंज साइबर पुलिस की यह पहली बड़ी कार्रवाई है, जिसमें दो थाना क्षेत्रों में 169 म्यूल अकाउंट के खाताधारकों की पहचान कर उनके खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के साथ ऑनलाइन ठगी करने वाले अपराधी म्यूल अकाउंट की मदद से पैसों का ट्रांजेक्शन करते हैं। इसके बदले वे खाताधारक तथा एजेंट को हर माह कमीशन में मोटी रकम देते हैं।

### म्यूल अकाउंट खोलने में बैंक की बड़ी भूमिका

म्यूल अकाउंट पर अंकुश लगाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। म्यूल अकाउंट की पहचान करने के बाद आरोपियों तक पहुंचना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। पुलिस अफसरों के अनुसार, बगैर बैंककर्मी की मिलीभगत से म्यूल अकाउंट खोलना संभव नहीं है।

खत्म होगा इंतजार

# निगम-मंडलों के लिए तीन दर्जन से ज्यादा नामों की सूची तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार बने करीब सवा साल हो रहे हैं, लेकिन अब तक निगम, मंडलों में नियुक्ति का इंतजार खत्म नहीं हो रहा है। कुछ प्राधिकरण और आयोगों में बीते साल नियुक्ति की गई थी। अब बड़े निगम और मंडलों में नियुक्ति को लेकर तैयारी चल रही है। तीन दर्जन से ज्यादा नामों की सूची तैयारी हो चुकी है, जल्द ही नामों का ऐलान होने की संभावना है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जब हाल ही में दिल्ली गए थे तो उन्होंन जाने से पहले कहा भी, नियुक्ति होगी, थोड़ा इंतजार करें। इस बार की सूची को पूरी तरह से गुप्त रखा गया है। पिछली बार की सूची लीक होने पर इसमें बड़ा फेरबदल भी किए जाने के संकेत हैं। प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी है। सरकार बनने के एक साल बाद जाकर निगम, मंडल और आयोगों में नियुक्ति का क्रम बीते साल से प्रारंभ हुआ है। बीते साल ही लगातार नियुक्ति करने की योजना बनी थी। तीन चरणों में नियुक्ति की योजना बनाकर पहले चरण में कुछ प्राधिकरणों में नियुक्ति की गई। इसके बाद लगातार यह बात सामने आती रही कि अब निगम और मंडलों में नियुक्ति होगी। बड़े निगम, मंडलों में पहले नियुक्ति की योजना तैयार की गई, लेकिन बीते साल के अंत तक किसी भी निगम और मंडल में नियुक्ति नहीं हो सकी। कुछ आयोगों में जरूर नियुक्ति की गई है।

### चुनाव के कारण अटका मामला

नए साल में निगम, मंडलों में नियुक्ति का मामला नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के कारण टल गया। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने तय किया, पहले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव हो जाएं, फिर इसके बाद नियुक्ति की जाएगी। निगम, मंडलों के कई दावेदारों को नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में मौका मिल गया। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव निपट गए हैं तो निगम, मंडलों में नियुक्ति की तैयारी है।

### सूची रखी गई है गुप्त

भाजपा के जानकारों का कहना है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ निगम, मंडलों में नियुक्ति को लेकर चर्चा हो गई है। तीन दर्जन से ज्यादा नामों पर लगभग सहमति भी हो गई है। इस बार सूची को पूरी तरह से गुप्त रखा गया है। उस सूची में बड़ा फेरबदल भी कर दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के बाद अप्रैल के पहले सप्ताह में पहली सूची का ऐलान कर दिया जाएगा।

# शहीद हेमू कालाणी की मनाई जयंती, आहूजा का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहीद हेमू कालाणी समिति द्वारा अमर शहीद हेमू कालाणी की 102वीं जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने देश के वीर सपूत शहीद हेमू कालाणी की जयंती एवं देश के वीरों शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु की शहादत पर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान समिति के सभी सदस्यों ने महापौर और सभापति से आग्रह किया कि अमर शहीद हेमू कालाणी चौक का सौंदर्यीकरण, आदमकद मूर्ति की स्थापना जल्द से जल्द से कराई जाए। साथ ही कचहरी चौक से मंडी गेट तक इस सड़क का नाम अमर शहीद हेमू कालाणी के नाम से रखा जाए। पंडरी कपड़ा मार्केट में भव्य गेट अमर शहीद कालाणी के नाम से बनाने की मांग की है। इसी दौरान समिति के अच्छे कार्यों के लिए अध्यक्ष किशोर आहूजा को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान संस्थापक त्रिलोकचंद चिमनानी, भरत बजाज, अनेश बजाज, प्रेम बिरनानी, भरत पमनानी, अमित वलेचा आदि उपस्थित थे।

# सीएनजी पंप का बढ़ रहा नेटवर्क वाहन बिक्री की रफ्तार में भी इजाफा

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब तेजी से सीएनजी पंपों का नेटवर्क बढ़ रहा है। भिलाई-दुर्ग में आधा दर्जन से ज्यादा पंप खुल गए हैं। राजधानी रायपुर में भी तीसरा पंप खुल गया है। इसी के साथ प्रदेश में सीएनजी वाहनों का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। भिलाई, बिलासपुर, कोरबा में ज्यादा पंप होने के कारण इन स्थानों पर ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। प्रदेश में इस समय कारें और आटो मिलाकर सौ से ज्यादा वाहन सीएनजी के बिक रहे हैं। राजधानी रायपुर में महज तीन पंप होने के कारण यहां पर हर माह कारें तो कम बिक रही हैं, लेकिन आटो जरूर करीब एक दर्जन बिक जा रहे हैं। मारुति के एक शोरूम में दस से ज्यादा कारों का स्टॉक है, लेकिन इसके लिए ग्राहक नहीं मिल रहे हैं। रायपुर में पंप बढ़ने पर ही यहां भी सीएनजी वाहनों का क्रेज बढ़ेगा।

■ राजधानी में तीसरा पंप भी खुला, रायपुर में कार से ज्यादा बिक रहे आटो

सीएनजी वाहनों के लिए प्रदेशभर में लगातार पंप खुल रहे हैं। जहां-जहां पंप खुल रहे हैं, वहीं पर वाहनों की बिक्री की रफ्तार भी बढ़ रही है। राजधानी रायपुर में भले कारें कम बिक रही हैं, लेकिन आटो जरूर ज्यादा बिक रहे हैं। रायपुर में टीवीएस के आटो बिक रहे हैं। इस कंपनी के डीलर विकास मथानी के मुताबिक, उनके यहां हर माह 10 से 12 आटो बिक रहे हैं।

### बिक रहीं 60 से 70 कारें

मारुति कंपनी में हर मॉडल में सीएनजी है। रायपुर में कंपनी के डीलरों के मुताबिक, यहां पर प्रारंभ में ज्यादा वाहन बिके, लेकिन अब एक माह में दो से चार कारें ही अब बिक रही हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि यहां पर पंप कम हैं। भिलाई में आधा दर्जन से ज्यादा पंप होने के कारण वहां ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। इसी के साथ बिलासपुर और कोरबा में ज्यादा पंप होने के कारण वहां पर भी वाहनों के बिकने का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। हर माह प्रदेश में 60 से 70 कारें बिक रही हैं। मारुति के अलावा टाटा की भी कारें बिक रही हैं।

### रायपुर में खुलेंगे और पंप

सीएनजी वाहनों के लिए रायपुर में पहला पंप बीते साल सितंबर में लोधीपारा में खुला था। इसके बाद दिसंबर में आमानाका में भी एक पंप खुला। अब एक पंप सेंट्रल जेल के पेट्रोल पंप में एक सप्ताह पहले खुला है। एक पंप तेलीबांधा में खोलने की तैयारी है। यह पंप भी अगले माह खुल जाएगा। इसके अलावा भनपुरी में भी एक पंप खोलने की पूरी तैयारी है। इसी के साथ शहर के और कई स्थानों पर पंप खोलने की योजना है। पहले पंप के संचालक नीरज शर्मा ने बताया, हमने एचपी का पंप खोला है। अभी रायपुर में उतने ज्यादा वाहन सीएनजी वाले नहीं हैं, लेकिन आने वाला समय इन्हीं वाहनों का है। रायपुर में लगातार सीएनजी के आटो बढ़ रहे हैं। रायपुर में दूसरे राज्यों से यहां तबादला होकर आने वालों के पास सीएनजी वाहन हैं। इसी के साथ दूसरे राज्यों से यहां आने वालों को भी सीएनजी गैस की जरूरत पड़ती है।

# मनरेगा कर्मियों को वेतन के लाले 5 माह से नहीं मिला मेहनताना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 12 हजार मनरेगा कर्मचारी अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल करेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें 5 माह से वेतन नहीं मिला है। ऐसी दशा में कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। लामबंद मनरेगा कर्मचारी 26 और 27 मार्च को जिलास्तरीय और 28 मार्च को प्रदेशस्तरीय आंदोलन कर ज्ञापन सौंपेंगे।

■ 26 से करेंगे हड़ताल

नियमितीकरण सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के मनरेगा कर्मचारियों ने शासन के खिलाफ मोर्चा दिया है। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय क्षत्री ने हरिभूमि को बताया कि 19 साल से सेवा देने के बाद भी मानव संसाधन नीति नहीं बनी है। जबकि छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में मनरेगा कर्मचारियों को कई तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। 12 हजार मनरेगा कर्मचारियों को 5 माह से वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण इन कर्मचारियों के बच्चों के स्कूली फीस, बीमार परिजन के इलाज का खर्च और दैनिक उपयोग की सामग्री खरीदने में दिक्कत हो रही है।

### 4 सूत्रीय मांगें इस तरह

- नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी होने तक मनरेगा कर्मचारियों की सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए मानव संसाधन नीति तत्काल लागू की जाए।
- पूर्व में की गई हड़ताल अवधि का वेतन, मानदेय तत्काल प्रदान किया जाए।
- 5 माह से लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान करने की मांग
- मनरेगा कर्मचारियों से केंद्र व राज्य शासन के निर्देश अनुसार महात्मा गांधी रोजगार योजना के अलावा अन्य कोई कार्य न लिया जाए।

## पेज 13 के शेष ...

### चौपाटी से चौपट हो...

बाद तेलीबांधा तालाब किनारे की बस्ती हटाकर वहां फूड जोन के नाम से चौपाटी बनवा दी। अब शहर के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब की बारी है, जिसे चौपट करने जगन्नाथ राव दानी स्कूल और शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय आने-जाने के मार्ग पर चौपाटी बनाई जा रही है। ऐसे में शहरवासियों के लिए राजधानी में घूमने-फिरने और सेहतमंदी के लिए जगह ही नहीं बची।

***फीकी पड़ी कटोरा तालाब की रंगत, चौपाटी ने किया चौपट*** : छत्तीसगढ़ की पहचान धान का कटोरा के रूप में देश-दुनिया में हुई है। नगर निगम ने करीब 2 करोड़ खर्च कर सिविल लाइंस वार्ड स्थित कटोरा तालाब को सुंदर बनाने सौंदर्यीकरण कराया। तालाब से जलकुंभी सफाई, रंगरोगन के साथ आकर्षक लाइटें लगाई गईं। तालाब के मध्य कटोरानुमा आकृति बनाई गई, जिसमें पक्षियों के दाना रखने की व्यवस्था रही। तालाब से लगी खाली जगह पर लोगों की सुविधा के लिए बगीचा विकसित किया गया। साथ ही योगाभ्यास करने वालों के लिए योगा जोन बनाया गया।

बगीचे में आने-जाने वालों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की गई। खाने-पीने की सामग्री के लिए चौपाटी बनाई गई। देखरेख के अभाव में अब कटोरा तालाब की रंगत फीकी पड़ गई है। न जोन स्तर पर और न ही मुख्यालय स्तर पर कटोरा तालाब की समुचित देखरेख की जा रही है, पर नगर निगम को कटोरा तालाब की चौपाटी से हर साल एकमुश्त राजस्व जरूर मिल रहा है।

### ईडीए ट्यूब ने कौशिक...

दवा कॉर्पोरेशन में अन्य तरह की शिकायतें भी हुई थीं, जिसके बाद न्यायालय की फटकार पर उसे हटाया गया था। इस बीच कमलकांत पाटनवार की सीजीएमएससी में एंट्री हुई, उस दौरान रीएजेंट सप्लाई का खेल खेला गया। सीमित दिनों इफरात रीएजेंट खरीदे गए, जिसे दवा गोदाम के बाद राज्य के छोटे हेल्थ सेंटरों में भेज दिया गया। इन मामलों में डॉ. अनिल परसाई की भूमिका महत्वपूर्ण रही, क्योंकि हेल्थ सेंटरों के लिए डिमांड और खरीदी की अनुशंसा उन्हीं के माध्यम से हुई थी। ईओडब्ल्यू की टीम ने पहले दिन सभी आरोपियों से अलग-अलग पूछताछ की। उनसे इस बारे में भी जानकारी ली गई कि घोटाले में किस स्तर के अधिकारियों की संलिप्तता है।

### सेजबहार में धर्मांतरण पर...

उपस्थित थे। इनमें ग्रामीण भी शामिल थे। सभी ने प्रार्थना सभा की आड़ में लोगों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया। **रेलवे कॉलोनी की जमीन पर चर्च निर्माण?** : डब्ल्यूआरएस रेलवे कॉलोनी की खाली जमीन पर चर्च का निर्माण किया जा रहा था। मौके पर रेलवे अफसर ने पहुंचकर चर्च निर्माण कराने के संबंध में दस्तावेजों की मांग की तो निर्माण कार्य में लगे लोग दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। इसके चलते रेल प्रशासन ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। इस बीच किसी ने निर्माणाधीन चर्च तोड़ने की अफवाह फैला दी। इसे लेकर कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी।

**भीड़ ने मकान को घेरा** : पुलिस जब मौके पर पहुंची तो देखा ग्रामीण मकान को चारों तरफ से घेर लिए थे। साथ ही धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा और नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने लोगों को शांत कराने के बाद जिन लोगों के खिलाफ प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने के आरोप लगे थे। उन लोगों को हिरासत में लेकर थाने लाई। तब जाकर लोग शांत हुए।

### हिन्दू संगठन ने मतांतरण...

सैम्युअल पिता सैदू सैम्यूअल 43 साल कुटीपारा मोपका, उनकी पत्नी अंजू सैम्युअल, यारूशा किशोर पति चंद्रदीप किशोर 40 साल कुटीपारा मोपका, राजकुमार साहू पिता कोल्हू साहू 40 साल आवासपारा मोपका, पास्टर व्यास कुमार कुर्रे पिता दूजराम कुर्रे 48 साल अभिषेक विहार फेस 1 मंगला, जसपाल अहिरवार पिता भागवत अहिरवार 40 साल भाटापारा मोपका, राहुल पटेल उर्फ रामप्यारे पिता बलदाउ पटेल 30 साल अन्नपूर्णा कालोनी तोरवा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

### 21 हजार के लिए...

गिनती के ही कैंडिडेट्स पहुंचे। परीक्षा के संचालन के लिए अपर कलेक्टर नवीन ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। उत्तम प्रसाद रजक और केदारनाथ पटेल को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### चैंबर चुनाव में तीन...

लिए निकेश बरड़िया को निर्विरोध चुना जाना तय है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में एक अरसे बाद अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष जैसे प्रमुख पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होगा। हालांकि 26 मार्च को नाम वापसी की अंतिम तिथि के साथ स्थिति और साफ हो जाएगी। चुनाव में इस बार रोचक मोड़ भी सामने आए। शुरुआत में जय व्यापार पैनल से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अमर पारवानी चुनाव मैदान में पूरी तैयारी के साथ उतरे। महामंत्री पद के लिए अजय भसीन और कोषाध्यक्ष पद के लिए उत्तम गोलछा को प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतारा गया।

भाजपा नेता व पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी के एकता पैनल से सतीश थौरानी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बनाए गए। बाद में तेजी से बदले घटनाक्रम के बीच अमर पारवानी ने चैंबर का चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर व्यापारी जगत को चौंकाया। उनका तर्क रहा कि प्रदेशभर में चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें जो फीडबैक व्यापारी संगठनों से मिला, उस हिसाब ने नए चेहरे को मौका देने का समय है। इसलिए व्यापारियों के हित वे नए चेहरे को मौका देने चुनाव नहीं लड़ेंगे। बदले हुए घटनाक्रम के बीच दोनों पैनल के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में चर्चा के बाद यह तय हुआ कि दोनों पैनल से संयुक्त प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे जाएंगे। इस तरह सतीश थौरानी को चैंबर चुनाव के लिए प्रदेश अध्यक्ष पद का संयुक्त प्रत्याशी बनाने का ऐलान किया गया। नामांकन के दौरान महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए सिंगल नाम आने से अजय भसीन और निकेश बरड़िया का निर्विरोध चयन तय है। वहीं रायपुर जिले के लिए 8 उपाध्यक्ष और 8 मंत्री के लिए सिंगल नाम होने और विरोध में कोई प्रत्याशी नहीं होने से जिले में उपाध्यक्ष और मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति है।

***7 जिलों में इन पदों के लिए चुनाव*** : बालोद - उपाध्यक्ष, मंत्री, रायगढ़ - उपाध्यक्ष, मंत्री, मुंगेली- उपाध्यक्ष, मंत्री, सरगुजा- उपाध्यक्ष, जांजगीर - उपाध्यक्ष, महासमुंद - उपाध्यक्ष, राजनांदगांव : मंत्री। साथ ही प्रदेश के कुल 33 उपाध्यक्षों में से 24 और 33 मंत्री पद में से 24 उम्मीदवार निर्विरोध हैं। सूत्रों के मुताबिक, 3 जिलों में किसी ने भी उपाध्यक्ष और मंत्री पद के लिए फार्म नहीं भरा है।

### 100वें दिन भगत...

करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षकों ने कहा, देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर कर देने वाले शहीद भगतसिंह युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। बीएड के क्रांतिकारी नौजवान भी उन्हीं की प्रेरणा से भगतसिंह, सुखदेव तथा राजगुरु के भेष में बेड़ियां पहने तपती गर्म सड़क पर नंगे पांव चलते रहे।

### हार्निया के मरीज को...

लिए एम्स पहुंचा तो उसे सर्जरी के लिए डेढ़ वर्ष बाद दिसंबर 2025 की तारीख दी गई। उन्होंने कहा कि काफी ज्यादा ऑपरेशन थियेटर एवं सर्जन होने के बाद भी डेढ़ वर्ष की वेटिंग जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि एम्स से छत्तीसगढ़ की जनता को बहुत आशाएं हैं, स्वास्थ्य के क्षेत्र में एम्स रायपुर के रुप मे छत्तीसगढ़ को एक बहुत बड़ी सुविधा मिली है, मगर स्थानीय प्रबंधन की लापरवाही एवं कार्य के प्रति उदासीनता के कारण इसका वास्तविक लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता को एम्स रायपुर से अत्यधिक अपेक्षाएं हैं, किंतु उन्हें समय पर बेड नहीं मिलता। सर्जरी एवं सीटी स्कैन/एंडोस्कोपी जैसी जांच के लिए गैरजरूरी वेटिंग का सामना करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने एम्स रायपुर प्रशासन से आग्रह किया है कि वह गैरजरूरी वेटिंग को तुरंत सुचारू करे, अन्यथा इस विषय को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे।







# टीवी की अनुपमा संग सेल्फी लेने मची होड़

## लाइव इवेंट

# कृषि विवि में 26 को तीन दिवसीय मेला सह प्रदर्शनी




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कृषक उत्पादक संगठनों के गठन एवं गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में 26 से 28 मार्च तक तीन दिवसीय कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा। मेला सह प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के 45 कृषक उत्पादक संगठन शामिल होंगे। मेले में शामिल कृषक उत्पादक संगठनों के उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय भी किया जाएगा। इस दौरान एफपीओ के संचालन के विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस एफपीओ मेला सह प्रदर्शनी में कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी, प्रगतिशील कृषक एवं कृषि से संबंधित एफपीओ के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस अवसर पर जनसामान्य के लिए मेला सह प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें एफपीओ उत्पादों को क्रय भी कर सकेंगे।

### विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे ये उत्पाद

एफपीओ मेले में विभिन्न कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा निर्मित उत्पाद जैसे सुगंधित विष्णुभोग चावल, देवभोग चावल, जीराफूल चावल, तुलसी मंजरी चावल, ब्लैक साईस, रेड साईस, ग्रीन साईस, ब्राउन साईस, एचएमटी चावल, कोदो चावल, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, मशरूम बड़ी, मशरूम पापड़, मशरूम पाउडर, मशरूम अचार, महुआ लड्डू, शहद, बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी, तेल (सरसों का तेल, शीशम तेल और मूंगफली का तेल), मल्टीग्रेन आटा, रागी का आटा, चावल का आटा, कॉन्सेंट्रेट, हनी बी वैक्स, लिप बाम, फुट क्रीम, हर्बल साबुन, गुड़ कैंडी आदि आम जनता के लिए प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### बूढ़ापारा इंडोर स्टेडियम में सिंधी पंचायत ने की बहराणा साहिब पूजा की अनूठी पहल साक्षी बना समाज

# 2121 दीपों से जगमगाया इंडोर, बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

शहर के बूढ़ापारा इंडोर स्टेडियम परिसर में छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत ने चेट्रीचंड्र उत्सव से पहले एक अनूठी पहल की। इसमें समाज की महिलाओं ने पूजा की थाली में 2121 दीपों की रविवार की रात ऐसी श्रृंखला सजाई कि इसकी रोशनी से आयोजन स्थल जगमगा उठा। यह पहल अब दुनिया के सामने एक मिसाल बन गई, क्योंकि गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इसे दर्ज करते हुए जगमगाते स्टेज पर टीवी की अनुपमा रूपा गांगुली के सामने आयोजकों को सर्टिफिकेट दिया। खास लम्हा यह रहा कि महिलाएं एक्ट्रेस के साथ फोटो और सेल्फी बनाने झूम उठीं, इसके लिए उनके बीच लंबे समय तक होड़ मची रही।'



**रायपुर।** बहराणा साहब की पूजा का भव्य आयोजन छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के लोगों ने साईं लालदास के सानिध्य में किया। इसके लिए सुबह से ही जहां तैयारियों का सिलसिला चल रहा था। एक तरफ आयोजन की चकाचौंध थी, तो दूसरी तरफ खाने-पीने के लिए दर्जनों स्टाल सजे थे। इस बीच टीवी सीरियल अनुपमा फेम रूपाली गांगुली की एक झलक पाने महिलाओं और युवतियों का उत्साह भी चरम पर था। आस्था के साथ ग्लैमर का अनूठा संगम समावेश होने से देर रात तक खुशनुमा माहौल रहा।

### आकर्षण का केंद्र रही शोभायात्रा

विंटेज कारों के साथ ही बैंडबाजे और डीजे के साथ आयोजन की अंतिम कड़ी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन बलराम आहूजा, आभार प्रदर्शन तनेश आहूजा और गौरव मंधानी ने किया। इनके मार्ग दर्शन में बूढ़ापारा तालाब क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकालने के बाद ज्योती पूंज को तालाब में विसर्जित करने के साथ ही शोभायात्रा का समापन किया गया।

### आयोजन का हिस्सा बने विशिष्टजन

आयोजन को सफल बनाने में महेश रोहरा, कैलाश बालानी, अमर चंदनानी, अनिल लाहोरी, विकास रूपरेला, भावना कुकरेजा, नत्थू धनवानी ने सहयोग करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, शहर की महापौर मीनल चौबे, पार्षद मुरली शर्मा, मुखी मन्नूमल पृथ्वानी, रमेश मिरघानी भी शामिल हुए। इसके चलते आयोजन के लिए सजाया मंच गरिमामय रहा।

### शहर की सुंदरता देख अभिभूत रूपाली

*टीवी धारावाहिक अनुपमा से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस रूपाली गांगुली ने मीडिया से चर्चा में कहा कि रायपुर से 25 साल पुराना नाता है। जब मैं पहले आई थी, तब मुझे कोई नहीं जानता था। आज लोगों से जो स्नेह दिया, वह भावविभोर करने वाला है। एक सवाल के जवाब में कहा कि सफलता पाने के लिए सभी को संघर्ष करना पड़ता है, इससे बचने का प्रयास करने वाले असफल होते हैं। राजधानी को लेकर कहा कि जब छत्तीसगढ़ राज्य बना था, उन दिनों 1आई थी, तब से अब तक में जो बदलाव हुआ है,उसे बता पाना संभव नहीं है। इस बीच एक्ट्रेस लोगों के साथ सेल्फी और फोटो के लिए भी सहज नजर आईं। जाने से पहले सभी को आगामी चेट्रीचंड्र महोत्सव के लिए बधाई देते हुए कहा कि जब भी मौका मिलेगा, रायपुर जरूर आऊंगी।*



### सांई लालदास के मार्गदर्शन में की पूजा

*पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रवक्ता सुभाष बजाज ने जहां बहराणा साहिब पूजा अर्चना के लिए बेहतर इंतजाम किया। वहीं अपने तरह के अनोखे आयोजन का साक्षी बनने के लिए समाज के लोग भी 5 हजार से ज्यादा की तादाद में पहुंचे। इनके बीच साईं लालदास ने कहा कि ज्योत व जल ही भगवान झूलेलाल का स्वरुप है। बहाराणा साहब में ज्योत जलाने के बाद हम भगवान झूलेलाल का आह्वान करते हैं। इसके बाद पूजा की थाली में ज्योत जलाने के बाद पूजा अर्चना करने के बाद उन्होंने भगवान के भाव और महत्व के बारे में बताया।*

## सिटी इवेंट

# सफलता के लिए संघर्ष जरूरी, हर विजेता को करना पड़ता है उपहास का सामना



**रायपुर।** अधिकारियों के सहयोग से संचालित युवा संस्था के निशुल्क कोचिंग सेशन के बीच संडे स्पेशल क्लास में स्टेट जीएसटी के पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर एमएल नत्थानी बतौर मुख्य वक्ता युवाओं से मुखातिब हुए। उनका स्वागत शॉल, श्रीपल, सूत की माला और पुष्पगुच्छ से किया गया। इसके बाद युवा के संस्थापक एम. राजीव ने मुख्य अतिथि एवं वक्ता का परिचय देते हुए बताया कि लोग सरकारी नौकरी से रिटायर होने के बाद खुद को एक दायरे में समेट लेते हैं। इसके विपरीत श्री नत्थानी ने 67 की उम्र में पढ़ाई के लिए एडमिशन लिया। अभी वे पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में बतौर अतिथि व्याख्याता सेवा दे रहे हैं।

### बिना संघर्ष के नहीं मिलती सफलता

मुख्य अतिथि एवं वक्ता श्री नत्थानी ने युवाओं के बीच अनुभव साझा करते हुए कहा कि बिना संघर्ष किए जीवन में किसी को सफलता नहीं मिलती। दुनिया में हर सफल व्यक्ति को जीवन में संघर्ष के चार चरणों से गुजरना पड़ता है। पहले चरण में लोगों के उपहास का सामना करना पड़ता है। दूसरे चरण में लोगों की अस्वीकृति मिलती है। तीसरे चरण में लोगों से अहमियत मिलने लगती है। इसके बाद चौथे चरण में ही व्यक्ति को समाज से सम्मान और पुरस्कार प्राप्त होते हैं। ठीक इसी तरह की स्थिति से मुझे भी जीवन में रूबरू होना पड़ा।

### परिवार के लोगों ने भी किया विरोध

उन्होंने बताया कि जब मैं शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद पोस्ट ग्रेजुएशन करने एडमिशन के लिए मन बनाया तो सबसे पहले परिवार के लोगों ने ही विरोध किया था। कहने लगे, आराम करने की उम्र पढ़ाई क्यों करना चाहते हैं, इससे क्या फायदा होगा। वहीं दूसरी ओर उन्हें यूनिवर्सिटी के एडमिशन क्लर्क ने भी झिड़की लगाई, लेकिन आज मेरे सैकड़ों शोधपत्र प्रकाशित हुए और 25 से भी ज्यादा विभिन्न विषयों पर पुस्तकों का प्रकाशन हुआ। अब मेरे घर में सम्मान और पुरस्कार को रखने के लिए जगह की कमी पड़ रही है।

### असफल की नहीं, सफलता की प्रशंसा

उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं से कहा कि मैंने लोगों की आलोचनाओं की परवाह किए बगैर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जी-जान लगा दिया। जीवन में सफल होने के बाद जो मेरे संघर्ष के दिनों में उपहास उड़ाने से बाज नहीं आते थे, वही लोग आज प्रशंसा में कोई कमी नहीं करते। उन्होंने युवाओं से कहा कि माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद के बिना जीवन में सफलता हासिल करना संभव नहीं है। इस मौके पर संस्था की वरिष्ठ मेंबर आरती यादव ने कहा, श्री नत्थानी सही मायने में हमारे बीच लिविंग लीजेंड हैं।

### इत्र की खरीदी में भी इजाफा, सज गए सेंवई के स्टॉल

# ईद के लिए सज गया बाजार विदेशी लुक वाली टोपी की मांग

**रायपुर।** ईद त्योहार मनाने मस्जिद से लेकर घरों तक तैयारियों का क्रम शुरू हो चुका है। ईद के करीब आते ही सेंवई की खरीदी जमकर होने लगी है। चौक-चौराहों में रंगबिरंगी सेंवई के स्टॉल सज गए हैं। इसके अलावा बाजार में नमाजी टोपी व नए परिधान के साथ महंगे इत्र की बिक्री बढ़ गई है। शहर में विभिन्न राज्यों व दरगाहों से ईद को लेकर नमाजी टोपी आई हुई हैं, जो लोगों को खूब पसंद आ रही है। स्टेशन रोड स्थित दुकान संचालक फरियाद खान ने बताया, लोग देशी व विदेशी लुक वाली टोपी की मांग कर रहे हैं। मुंबई के हाजी अली दरगाह से आई साधारण जरवी टोपी व चांद-तारा डिजाइन की हुई टोपी की बिक्री अधिक है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए टोपी 100 से 1500 रुपए तक उपलब्ध है। ज्यादातर लोगों ने इत्र और नमाजी टोपी अजमेर से विशेष ऑर्डर पर मंगाई है। ईद में कपड़ों के अनुसार बाजार में टोपी की बिक्री हो रही है।



### ट्रेंड के अनुसार खरीद रहे टोपी

*ईद में नए लुक के लिए युवा वर्ग ट्रेंड के अनुसार बाजार में टोपी की मांग और खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि लोग तुर्की, अफगानिस्तान और बंग्लादेश में पहनी जाने वाली टोपी खरीदना चाहते हैं। विदेशी डिजाइन की टोपी की मांग हर ईद में बढ़ जाती है। युवा ज्यादातर काले रंग की टोपी और बुजुर्ग सफेद टोपी पसंद कर रहे हैं। कलरफुल टोपियां भी सभी को भा रही हैं। इस बार भी बच्चों और युवाओं में सबसे ज्यादा क्रेज देखा जा रहा है। सभी वर्गों के लिए बाजार में टोपियां उपलब्ध हैं। कुछ लोग दर्जी की मदद से स्पेशल टोपी ईद के लिए बनवा रहे हैं।*

# भक्त माता कर्मा के नाम पर डाक टिकट की योजना

**रायपुर।** शहर जिला साहू संघ एवं संत कर्मा माता आश्रम समिति के संयुक्त तत्वावधान में भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती व सामूहिक आदर्श विवाह कर्माधाम संतोषी नगर में मंगलवार 25 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष डाक विभाग द्वारा तेली समाज की कुलदेवी भक्त माता कर्मा के नाम पर डाक टिकट जारी किया जा रहा है, जो समाज के गौरवशाली इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है। समाज में सामूहिक आदर्श विवाह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 51 जोड़ों का सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम भी मंगलवार को होगा।

### कार्यक्रम की रूपरेखा

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे भक्त माता कर्मा की महाआरती के साथ होगी। इसके बाद भक्त माता कर्मा के नाम पर डाक टिकट का विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व समाज के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 4.30 बजे आदर्श सामूहिक विवाह में नवदंपत्तियों को आशीर्वाद एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

### बालको मेडिकल सेंटर की सातवीं सालगिरह पर जागरूकता कार्यक्रम

कार्नर न्यूज

# कैंसर जागरूकता में जुटे सभी वर्ग वॉकाथॉन में घुड़सवारों ने दिखाया दम



### सही समय पर सही सलाह की जरूरत

बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने बीएमसी वॉकाथॉन के दौरान लोगों से कैंसर के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर सही समय पर सही सलाह मिल जाए तो हम कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बच सकते हैं। बालको मेडिकल सेंटर के मार्केटिंग एवं पीआर हेड विपेंद्र राजपूत ने इस अवसर पर बताया कि बालको मेडिकल सेंटर पिछले सात वर्षों से कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी संस्था, समाज या एनजीओ समूह को कैंसर जागरूकता या कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित करना हो तो वे हॉस्पिटल से संपर्क कर सकते हैं। हम यह सभी कार्यक्रम समाजसेवा में निशुल्क करते हैं।



**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर ने अपनी सातवीं वर्षगांठ के मौके पर कैंसर जागरूकता फैलाने बीएमसी वॉकाथॉन का आयोजन किया। इसमें दो हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। वॉकाथॉन ने विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को एकजुट किया, जिसमें स्केटिंग समूह, पैरालंपिक एथलीट, घुड़सवार, स्कूल के बच्चे, कॉलेज के छात्र, सीआरएफ के जवान, आध्यात्मिक संस्थाएं, गैरसरकारी संगठन, दवा कंपनियां और फिटनेस के प्रति उत्साही लोग शामिल थे। कार्यक्रम में बालको हॉस्पिटल के डॉक्टर्स, नर्सेस और पैरामेडिकल टीम भी मौजूद रही। इस दौरान डॉ. भावना सिरोही, डॉ. यशवंत कश्यप, डॉ. श्रवण, डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ. जय राय, डॉ. रुचि, डॉ. सृष्टि, डॉ. नूपुर प्रिया और डॉ. संदीप ओझा शामिल थे। सभी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के लिए जुम्बा का आयोजन भी किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाना और समुदाय को इसके प्रति सजग करना था।

## होली मिलन

## भगवान गोकुलचंद्रा के साथ फूलों की होली खेलने पहुंचे श्रद्धालु



रायपुर। बुढ़ापारा स्थित गोकुलचंद्रा मंदिर में रंगपंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। रंगों के इस पर्व में भगवान के संग होली खेलने श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में मौजूद रही, जिन्होंने फूलों की होली का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत फूलों की वर्षा के साथ की गई। रंगपंचमी उत्सव में शामिल होने चंपारण से मंदिर के मुख्य द्वारकेश्वर लाल महाराज शामिल होने पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा, जब श्रीकृष्ण मंदिरों में होली मनाई जाती है तो आप कभी उससे खुद को दूर न करें। भगवान के आज्ञा के बाद ही आपके ऊपर फूल और रंगों की वर्षा की जाती है, जिससे दूर भागने पर भगवान नाराज होते हैं।

### आज बिरज में होली रे रसिया..जैसे फाग गीतों की प्रस्तुति

होली खेल रहे नंदलाल..होली खेले राधा संग नटवर.. आज बिरज में होली रे रसिया.. सांवरिया नंद किशोर..आदि भजनों की धुन पर फूलों की वर्षा की गई। इस मौके पर सौ से अधिक श्रद्धालु परिजनों के साथ शामिल रहे। नन्ही बच्चियां ब्रज की गोपियों की तरह तैयार होकर गोकुलचंद्रा प्रभु के साथ होली खेलने पहुंचीं। उधर सुबह 11.30 बजे से फूलों की होली प्रारंभ की गई। इस मौके पर विशेष लड्डू, मूंग दाल की बरफी और मठरी का भोग लगाया गया। वहीं दूसरी ओर समय के अनुसार कपाट बंद करने के बाद भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ और सभी कपाट खुलने तक का इंतजार करते दिखे।

## होलिया में उड़े रे गुलाल... पूल पार्टी में जमकर मस्ती



रायपुर। जेसीआई वामांजलि की सदस्यों ने रविवार को पूल पार्टी का आयोजन किया। सेजबहार स्थित डीसी क्लब में आयोजित पूल पार्टी में महिलाओं के साथ बच्चे भी मौजूद रहे। इस दौरान फूलों की वर्षा के साथ पार्टी की शुरुआत की गई, जिसमें लोगों का रोमांच बढ़ाने अनेक गेम्स भी खेले गए। वहीं पासिंग द कैप गेम आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे महिलाओं ने पूल के अंदर ही खेला। इसकी विजेता मीना साहू और रनरअप प्रियंका गुप्ता रहीं।

### देवरानी-जेठानी की जोड़ी ने मचाई धूम

होली महोत्सव को खास बनाने के लिए महिलाओं ने रंग-गुलाल लगाकार एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में होली के सुपरहिट सॉन्ग पर महिलाएं जमकर थिरकीं। रंग बरसे..होलिया में उड़े रे गुलाल..लेट्स प्ले होली..जोगीरा सारा रा रा रा...जैसे सदाबहार होली गीतों पर महिलाओं ने ग्रुप डांस किया। होली के रंगों का सिलसिला जारी रहा, जिसमें बच्चे भी शामिल हुए। देर शाम तक चलने वाली पार्टी में देवरानी-जेठानी की जोड़ी चर्चा में रही, जो एक ही ड्रेस कोड के साथ होली मनाने पहुंची।

## राधाकृष्ण-गोपियों के वेश में खेली फूलों की होली



*रायपुर। शहर के हरसंभव फाउडेशन से जुड़ी महिलाओं ने राधाकृष्ण व गोपियों के वेश में राधाकृष्ण के गीतों पर उत्साह से फूलों की होली खेली। इस बीच 51 महिलाओं को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और सम्मानपत्र से नवाजा गया। वहीं टिकरापारा की क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रेमलता त्रिवेदी और रायपुरा क्षेत्र की श्वेता घुरूई को क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। तुलसी मंगलम भवन में सांस्कृतिक श्रृंखला में फूलों की होली का आयोजन किया गया। अध्यक्ष पुष्पलता त्रिपाठी ने बताया कि राधा, कृष्ण और गोपियों के रूप में आयुषा मुखर्जी, प्राप्ति अग्रवाल, गौरी चौबे ने सभी का मन मोहा। इसमें विशेष रूप से मधु अरोड़ा, डॉ. प्रीति उपाध्याय, कस्तूरी साहू, अनीता सिद्धू, सुमन सिंह, गुरदीप कौर, अंकिता सेठ, डॉ. भद्रिका सिंह शामिल हुईं।*

शार्क टैंक इंडिया की कंटेस्टेंट नीति और परमिंदर पैनल डिस्कशन में हुए शामिल

# नई सोच खींचती है ग्राहकी, बदलाव से मिलेगी ऊंचाई, जोखिम भी जरूरी

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित ई-समेट 2025 का रविवार को समापन हुआ। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में स्टार्टअप एक्सपो, पैनल चर्चाएं, अनेक स्पर्धाएं भी शामिल रहीं। कार्यक्रम की मेजबानी का अवसर एनआईटी को सौंपा गया, जिसमें ट्रिपलआईटी, आईआईटी, निर्मा यूनिवर्सिटी, एसआईईएस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज और एनआईटी के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन 'शार्क टैंक इंडिया' के दो कंटेस्टेंट नीति सिंघल और परमिंदर साहनी पैनल डिस्कशन में शामिल हुए, जिन्होंने अपने उद्योग जीवन की चुनौतियों और न्यू आइडियाज को विद्यार्थियों के बीच रखा। वहीं दूसरे दिन की शुरुआत उद्यमिता मॉडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन से हुई, जिसमें दो प्रमुख समितियां वैश्विक आर्थिक परिषद और विश्व व्यापार संगठन शामिल रहीं।

रायपुर। वैश्विक आर्थिक परिषद में 'यूक्रेनी बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण और विदेशी निवेश को आकर्षित करने में उद्यमियों की भूमिका' पर चर्चा की गई। उधर कनाडा, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, भारत, रूस और यूक्रेन जैसे देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वहीं विश्व व्यापार संगठन ने 'स्टार्टअप्स और उभरती अर्थव्यवस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए वैश्विक व्यापार नीतियों में सुधार' विषय पर विचार-विमर्श किया, जिसमें समावेशी विकास और स्थिरता पर जोर दिया गया।



### डिजाइनर ड्रेस महिलाओं की पसंद : नीति

टू इन वन की को-फाउंडर नीति सिंघल ने उद्योग के शुरुआती संघर्ष और भविष्य में कंपनी के बदलाव को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मेरी पहली कस्टमर 40 साल से अधिक उम्र की महिला थीं, जो अपनी 14-17 साल की बच्ची के साथ शॉप पहुंची थीं। इन दिनों महिलाएं कंफर्टेबल ड्रेस कैरी करना अधिक पसंद करती हैं। सोशल मीडिया के जमाने में न्यू लुक और डिफरेंट डिजाइनर ड्रेस महिलाओं को पसंद है। इस सोच के साथ न्यू कॉन्सेप्ट में ड्रेस डिजाइन करना शुरू किया। उन्होंने बताया कि आने वाले तीन सालों में पुरुषों के लिए भी आउटफिट डिजाइन कर सकती हूं, जो महिलाओं की तरह टू इन वन हो।



### विद्यार्थियों के सुझाव पर समर्थन

केस स्टडी में कुल 108 प्रतिभागियों द्वारा प्रेजेंटेशन तैयार किया गया, जिसमें टॉप थ्री का सलेक्शन आईआईएम के प्रोफेसर द्वारा किया गया। विजेता प्रतिभागियों के सुझाव को भारत सरकार और बड़े उद्योग कंपनियों तक पहुंचाया जाएगा। केस स्टडी के आधार पर विद्यार्थियों को बड़ी कंपनी के साथ काम करने का भी मौका मिल सकता है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य को तैयार करने में मददगार साबित होगा।

### उद्योग संबंधी समस्याओं पर केस स्टडी

कैडबरी बाइट चॉकलेट के बंद होने के कारण को समझने और बाजार में चॉकलेट की लोकप्रियता को बढ़ाने पर केस स्टडी तैयार की गई। सेकंड रनरअप में अनिरुद्ध सिंग, उत्सव आनंद, शिवांश तिवारी और मुनिश जैन ने बताया कि कुछ साल पहले बाजारों में कैडबरी बाइट के खरीदार लाखो की संख्या में रहे, लेकिन वर्ष 2011 में चॉकलेट में अधिक शुगर होने और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लोगों ने इसकी खरीदी बंद कर दी। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए नई केस स्टडी की गई। छात्रों के अनुसार, बाजार में सही पकड़ और लोकप्रियता बढ़ाने के लिए छह महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना जरूरी है। इसमें शुगर लेवल, चॉकलेट की साइज, प्राइज, पैकेजिंग, हेल्थ और प्रीमियम लेवल क्वालिटी देने की बात कही।

### फोटोग्रॉफी कंटेंट क्रिएटर का महत्वपूर्ण हिस्सा : परमिंदर

सोशल मीडिया का सही उपयोग आपके काम को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह आपके काम को लाखों लोगों के बीच ले आता है। साहनी ब्रदर्स के फाउंडर परमिंदर साहनी भी पैनल डिस्कशन में शामिल हुए, जिन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान एआई टूल्स के सही प्रयोग की बात कही। उन्होंने कहा, फोटोग्रॉफी एक ऐसी कला है, जो कंटेंट क्रिएट करती है। हर एक फोटो यादगार होता है, जिसमें लोग अपनी यादें तैयार करते हैं। फोटोग्रॉफी का फील्ड क्रिएटिव है। इसकी बेहतर ट्रेनिंग और क्रिएटिव माइंड के साथ आप बेहतर बिजनेस तैयार कर सकते हैं। इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजी के बीच काम करना सरल हो गया है। सही समय प्रबंधन के साथ नए विद्यार्थी भी अपना व्यवसाय सफलतापूर्वक शुरू कर सकते हैं।

### ये रहे विजेता

बी-केस स्टडी स्पर्धा में प्रो-क्रेस्टीनटर टीम के दो प्रतिभागियों ने बाजी मारी। मिलेंद सेन और नियति पटोदिया ने यातायात प्रबंधन के सुधार व्यवस्था को लेकर केस स्टडी की थी, जिन्होंने देश में सार्वजनिक वाहनों में ई-व्हीकल बसों को शामिल करने की योजना तैयार की है। फस्ट रनरअप में जयप्रकाश, दीपिका सिंह और अदिति दीवान, सेकंड रनरअप अनिरुद्ध सिंह, उत्सव आनंद, शिवांश तिवारी और मुनिश जैन ने अपना नाम दर्ज किया। तीनों प्रतिभागी एनआईटी रायपुर के हैं, जिन्होंने 105 अन्य प्रतिभागियों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया।

शहर की विभिन्न संस्थाओं से जुड़े युवाओं ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के पराक्रम की सुनाई गाथा

# वीर सपूतों की शहादत को किया याद, कहीं रक्तदान तो कहीं गीत गाकर किया नमन



### जीवन बचाने किया रक्तदान दान

रायपुर। शहीद दिवस पर उन वीर सपूतों का स्मरण करते हुए युवा पहल द्वारा महादेव घाट मुक्तिधाम स्थित कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मेकाहारा मॉडल ब्लड बैंक की अत्याधुनिक बस में संस्था के युवाओं ने रक्तदान किया। संस्था प्रमुख राहुल शर्मा के पहल पर युवाओं ने मरीजों का जीवन बचाने के लिए 52 यूनिट रक्तदान किया। इसमें दिवाकर तिवारी, रामजी रजवाड़े, महेन्द्र औसर और डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला आयोजन का हिस्सा बने।

### हमेशा याद किया जाएगा पराक्रम



महाराष्ट्र मंडल में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान को याद किया गया। तीनों बलिदानियों की तस्वीर पर विशेष अतिथि आनंद मोडक, अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन दंडवते ने तिलक लगाकर माल्यार्पण किया। उन्होंने तीनों वीर सपूतों के द्वारा अंग्रेजो के खिलाफ लड़ी गई लड़ाई और उनके देश भक्ति के जज्बे को याद किया गया। दिव्यांग बालिका विकास गृह के प्रभारी प्रसन्न निमोणकर ने कहा कि पराधीन भारत में भगत सिंह हमेशा कहते थे कि जिंदगी अपने कंधों पर जी जाती है। दूसरों के कंधों पर तो जनाजे जाते हैं। इस मौके पर गीता दलाल,श्याम सुंदर खंगन, निरंजन पंडित,विशाखा तोपखाने वाले प्रमुख रूप से शामिल हुई।



### देश भक्ति गीतों की सजाई महफिल

शहीद भगत सिंह की जयंती पर सिक्ख काउंसिल ने देश भक्ति गीतों की महफिल सजाई। इससे पहले भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें स्मरण किया गया। उनके 96वें बलिदान दिवस पर सिक्ख काउंसिल और रायपुर निगम द्वारा संयुक्त रूप से भगत सिंह चौक में पुष्पांजलि और देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया। इसमें महापौर मिनल चौबे, विधायक पुरंदर मिश्रा, सभापति सूर्यकांत राठौर, काउंसिल के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा के साथ ही हरपाल सिंह भामरा प्रमुख रुप से शामिल हुए।

### देश में आम जनता का शोषण बंद हो इससे बचाने क्रांतिकारियों ने दी कुर्बानी



मनुष्य द्वारा मनुष्य का देश में शोषण बंद होना चाहिए। इस महान उद्धेश्य के लिए 23 मार्च 1931 को देश के महान क्रांतिकारी शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव ने खुद को कुर्बान कर दिया था। उनकी इस महान कुर्बानी से ही देश आजाद हुआ। विभिन्न संगठनों ने रविवार को इन अमर शहीदों को याद किया। इसमें मुख्य रूप से दलित शोषण मुक्ति मंच, स्टेट वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन, गांड़ा महासभा के सदस्य शामिल हुए।

### विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स एवं नेशनल मेडिकल एसोसिएशन ने देश के लिए बलिदान हुए क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के सम्मान में बलिदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक अतुल निगम, डिप्टी डायरेक्टर अर्पित तिवारी, राज्य प्रतिनिधि देवाशीष पटेल, सुनीता चंसोरिया, वैभव मीना, वासुदेव पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता अनीता खंडेलवाल व मंजुला जैन की उपस्थिति रही।





## वरसी महोत्सव में सिंध-पाकिस्तान से पहुंचा तीन सौ श्रद्धालुओं का जत्था

रायपुर। पूज्य शदाणी दरबार तीर्थस्थल पर संत राजाराम साहिब का 65वां वरसी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। दूसरे दिन कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए। इस मौके पर सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि वे पिछले 40 वर्षों से शदाणी दरबार तीर्थस्थल पर आ रहे हैं और उनकी यहां पूरी आस्था है। यहां कोई भी बेसहारा खाली हाथ नहीं लौटता। उन्होंने सिंधी समाज की धार्मिक आस्था, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और निस्वार्थ सेवाभावना की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज अपने रीति-रिवाजों और परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ मानवीय सेवा, उद्यमिता और सामाजिक उत्थान में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

सांसद बृजमोहन ने कहा- सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान

### आत्मिक शांति का अनुभव

इस खास अवसर पर पाकिस्तान के सिंध क्षेत्र से 300 श्रद्धालुओं का जत्था भी शदाणी दरबार तीर्थ पहुंचा है। इस अवसर पर उन्होंने संत डॉ. युधिष्ठिर लाल और समाज के प्रबुद्धजनों के साथ भक्तिमय वातावरण में आत्मिक शांति का अनुभव किया। कार्यक्रम में सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, शदाणी दरबार तीर्थ के उदय शदाणी, पार्षद सचिन मेघानी, बंटी गावड़ा, महेश मोटलानी, सुमित चावला समेत अन्य समाजजन भी उपस्थित थे।

दिगंबर जैन भगवान आदिनाथ की निकली पालकी, भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव का विधिवत शुभारंभ

# श्रावकों ने 48 मिनट साधुत्व को जिया, बिना मोबाइल के बिताया समय

रायपुर। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के क्रम में रविवार को दादाबाड़ी में 2624 से ज्यादा लोगों ने सामूहिक सामायिक किया। दादाबाड़ी मंदिर प्रागंण पहुंचे श्रावकों में खासा उत्साह दिखा और सभी ने 48 मिनट सामायिक के दौरान साधुत्व को जिया। प्रार्थना, क्रिया और धार्मिक अनुष्ठान के साथ सामूहिक सामायिक संपन्न हुए। सामायिक के दौरान परिसर में सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस-गैजेट्स वर्जित रहे। चूंकि जैन धर्म में सांसारिक वस्तुओं का प्रयोग वर्जित है, खासकर पूजन-प्रार्थना के समय बेल्ट-पर्स आदि का उपयोग भी समाज के लोग नहीं करते। वहीं सामूहिक सामायिक की फोटो खींचने की भी अनुमति नहीं थी।



### निकली भगवान आदिनाथ की पालकी

श्री दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड में रविवार को आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक मनाया और इसी के साथ भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की विधिवत शुरुआत हुई। सुबह 7.30 बजे श्रीजी की विमान यात्रा निकाली गई, जो मालवीय रोड होते हुए दिगंबर जैन मंदिर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। सुबह 8.30 बजे से मंदिर में पूजन-अभिषेक शुरू हुआ।

### 11 श्वानों की आजीवन देखभाल का प्रण

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के दौरान जीवदया की एक बड़ी मिसाल देखने को मिली, जहां सेवा ग्रुप की महिलाओं ने 11 श्वानों का इलाज कराया। चंद्रखुरी स्थित वाटिका सेंचुरी में सेवा ग्रुप के सदस्यों ने इन श्वानों को चिन्हित कर उनका इलाज कराया और आजीवन उनकी देखभाल का प्रण लिया। ग्रुप की ममता सुराणा और पूजा पारख ने बताया कि श्वानों में एक ट्यूमर से पीड़ति का ऑपरेशन कराया गया। दुर्घटना में घायल हुए श्वानों का आजीवन इलाज का जिम्मा सेवा ग्रुप ने उठाया है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप क्रिकेट मैच में धनंजय की शानदार पारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है। जिसमें बिलासपुर से दूसरा मैच सरगुजा के बीच आरडीसीए रायपुर मैदान में खेला जा रहा है। जिसमें बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सरगुजा के खिलाड़ी पहले बल्लेबाजी करते हुए 68.1 ओवर में 222 रन बनाकर आउट हो गए। सरगुजा की ओर से कप्तान आशुतोष सिंह सबसे अधिक 87 रनों की पारी खेले और जीशान रजा ने 33 रन रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए धनंजय नायक ने 31 रन देकर 5 विकेट प्राप्त किए और मयंक यादव ने 43 रन देकर 4 विकेट झटके। बिलासपुर ने अपनी पहली पारी खेलते हुए पहले दिन का खेल समाप्त होते तक 3 ओवर में बिना विकेट खोए 8 रन बना लिए है। मैच के निर्णायक नितिन कठवार और मनोज सिंह है, स्कोरर मनोज तिवारी और ऑब्जर्वर शेख अनवर है।बिलासपुर टीम के कोच शैलेश सैमुअल और मोईन मिर्जा है। भिलाई के सिविक सेंटर मैदान में खेले जा रहे मुकाबले में जांजगीर चांपा के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 84 ओवर में 7 विकेट खोकर 279 रन बना लिए है। जिसमें जनेंद्र सिदार ने शानदार 112 रनों की पारी खेली और संजीव सिंह ने 49 रन सुधांशु तिवारी ने 22 रन बनाए और आयुष शर्मा 12 रन पर और प्रवीण केवट 8 रन नाबाद खेल रहे है। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए परिवेश धर, श्रेयम सुंदरम और शाहनवाज हुसैन ने दो दो विकेट प्राप्त किए। मैच के निर्णायक सुनील डरसेना और हरप्रीत सिंह है स्कोरर नंदगिरीश और ऑब्जर्वर दलजीत सिंह सिडाना टीम के कोच सुशांत शुक्ला है। यह जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

### डीआरएम कप क्रिकेट में ऑपरेटिंग विजेता और इंजीनियरिंग टीम उप विजेता



**रायपुर।** डब्ल्यू आर एस कॉलोनी में 25 फरवरी से जारी 22वीं अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 20 टीमो ने भाग लिया और कुल 48 मैच खेले गए। लीग व नॉक ऑउट पद्धति से खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में नॉक ऑउट दौर से मैच खेले गए। 19 मार्च को महिला कर्मचारियों एवं रेलवे पुरुष कर्मचारियों की टीमों ने फाइनल मुकाबला खेला। पुरुष वर्ग में फाइनल मुकाबला ऑपरेटिंग व इंजीनियरिंग के मध्य खेला गया। एक बहुत ही रोमांचक मुकाबले में ऑपरेटिंग ने इंजीनियरिंग को चार विकेट से हरा कर 22 सालों में पहली बार इस खिताब पर कब्जा किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंजीनियरिंग ने निर्धारित 12 ओवरों में सिर्फ 71 रन ही बना सकी। ऑपरेटिंग की सधी हुई गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण से इंजीनियरिंग के विकेट लगातार अंतराल में गिर रहे थे जिसके चलते उनका एक बड़ा लक्ष्य खड़ा करने का सपना टूट गया। लेकिन इंजीनियरिंग के भी सधी हुई गेंदबाजी के आगे ऑपरेटिंग के बल्लेबाजों को काफी दिक्कत हुई और एक समय 6 ओवरों में 38 के योग पर 6 विकेट गिर गए। सौरभ को उनकी लाजवाब पारी के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। तीसरे स्थान के मुकाबले में इलेक्ट्रिक (ओपी) ने दल्लीराजहरा की टीम को आसानी से हरा दिया। इलेक्ट्रिक (ओपी) के विश्वदीप को उनके अर्धशतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। महिला कर्मचारियों द्वारा भी डीआरएम -11 एवं एडीआरएम (इन्फ्रा) के मध्य मुकाबला खेला गया जिसमें डीआरएम -11 की टीम विजेता रही। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में फाइनल का मुकाबला सेक्रेसा मैदान में दूधिया रौशनी में खेला गया। सेक्रेसा के प्रतिनिधियों ने ढोल नगाड़ों एवं आतिशबाजी के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। समापन समारोह में विभिन्न विभागों के कप्तानों ने भी टूर्नामेंट के सुखद अनुभवों को साझा किया और अगले वर्ष इसे और बेहतर करने के लिए अपने सुझाव भी दिए। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीम को बधाई दी। उपविजेता टीम और अन्य टीमों को अगले वर्ष और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि के कर कमलों सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा क्रिकेट चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अलग से पुरस्कृत किया गया। इंजीनियरिंग के सुरेश मंगराज को मैन ऑफ द सिरीज़, दल्लीराजहरा के रविन्द्र कुमार को बेस्ट आल राउंडर, इलेक्ट्रिक (ओ पी) के विश्वदीप को बेस्ट बैट्समैन व ऑपरेटिंग के सौरभ को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा सौरभ को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब भी दिया गया।

## बहुत प्रभावशाली और सस्ती सिद्ध होती हैं बायोसिमिलर दवाएं

# बायोसिमिलर दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देना जरूरी, जिससे कम हो सकेगा हमारे इलाज का खर्च

भारत में करोड़ों लोगों को अपने घरेलू खर्च का बहुत बड़ा हिस्सा पारिवारिक बीमारियों के इलाज में खर्च करना पड़ता है, उनके बजट का कभी-कभी तो 50 से 70% तक का हिस्सा अस्पतालों और दवाइयों के चक्कर में खर्च हो जाता है। इसके कारण देश में 3 से 4 करोड़ लोग सालाना गरीबी रेखा के जाल में फंस जाते हैं। कई बार तो इन गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई और रहन-सहन आदि पर भी बहुत दुष्प्रभाव पड़ता है।

इस संबंध में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र कुमार ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि-बढ़ती बीमारियों में ज्यादा किफायती इलाज के लिए प्रभावी उपायों की जरूरत है। इस संबंध में बायोसिमिलर दवाएं बहुत प्रभावशाली और सस्ती सिद्ध होती हैं जो सुरक्षा और प्रभावशीलता में आम बायोलोजिक्स की दवाओं से कोई विशेषतः भिन्न नहीं होती और इसके जांच के लिए भी कड़े मानक बनाए हुए हैं। यदि आम भाषा में कहा जाए, बायोलोजिक्स की दवाएं वही होती हैं जो बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा बनाई जाती हैं और पेटेन्ट द्वारा सुरक्षित होती हैं। अक्सर इनकी कीमत काफी ज्यादा होती है, परन्तु एक बार पेटेन्ट समाप्त होने के बाद इन्हें उसी प्रकार की गुणवत्ता के अनुरूप बायोसिमिलर प्रणाली से बनाया जा सकता है।



### बायोसिमिलर दवाइयां और इनका लाभ

बायोसिमिलर दवाइयां तकरीबन वैसी ही होती हैं जैसी मूलतः बायोलोजिक दवाइयां, और उनका फायदा भी वैसा ही होता है, अलबत्ता उन्हें क्वालिफाइड डॉक्टरों की सलाह पर ही देना चाहिए। इस समय देश में लगभग 100 बायोसिमिलर दवाओं के उत्पादन को स्वीकृति मिल चुकी है और हमारा देश दुनिया में बायोसिमिलर दवाओं के उत्पादन में अग्रणी है।

एक अनुमान के अनुसार देश में 118 बायोलोजिक्स की ऐसी दवाएं हैं जिनका पेटेन्ट 2015 से 2034 के बीच समाप्त हो रहा है। लेकिन उनमें से केवल 10ः दवायें ऐसी हैं जिनका बायोसिमिलर प्रणाली में विकसित करने की योजना है। इस प्रकार कुल मिलाकर यह एक ऐसा स्वर्णिम अवसर है जिसके अन्दर हमारे यहां बहुत तेजी से बायोसिमिलर दवायें बनाई जा सकती हैं। इन दवाओं की कीमत अनुमानतः बायोलोजिक्स की संबंधित दवाओं से लगभग 50 से 75% तक कम हो सकती हैं जिससे आम आदमी के दवाओं के खर्च में काफी बचत हो सकती है।



यह बचत न सिर्फ भारत के आम लोगों के लिए लाभप्रद है बल्कि विश्व के अनेक देशो के लिए भी बहुत फायदेमंद है। भारत को दुनिया की फार्मेसी समझा जाता है जो इन देशों में अच्छी और सस्ती दवायें भेजने के लिए जाना जाता है। यह सिर्फ अफ्रीका, लेटिन अमेरिका आदि देशों के लिए ही नहीं बल्कि धनी देशों के लिए भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

### पेटेन्ट के रिन्यूवल का खेल समझिए

इस संबंध में एक समस्या यह है कि बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां जिनके पास दवाइयों के पेटेन्ट हैं, और जिनके आधार पर वे भारी मुनाफा कमाते हैं, उनका प्रयत्न होता है कि वें अपने पेटेन्ट को दवा के निर्माण में छोटी-मोटी तब्दीली करके रिन्यू करा लें, जिसे पेटेन्ट की एवरग्रीनिंग कहा जाता है। हमारी कोशिश यह रहती है कि पुराने पेटेन्ट को रिन्यू करने के लिए जब तक कोई नई दवा या उसमें कोई विशेष सुधार न हो, नए पेटेन्ट की अनुमति नहीं दी जाए। इसके फलस्वरूप कई बार इन कंपनियों द्वारा पेटेन्ट कानून के अर्न्तगत कानूनी दावपेंच भी आजमाये जाते हैं। इसके लिए यह भी जरूरी है कि इस बारे में पेटेन्ट के रिन्यूवल के मामलों में कड़ी दृष्टि रखी जाए। साथ ही देश के पेटेन्ट के कानून और ड्रग कन्ट्रोलर इत्यादि रेगूलेटरी संस्थाओं द्वारा नियमों की सख्त अनुपालना की जाए।

इस समय देश में बायोसिमिलर दवाओं के अधिक प्रचलन को बढ़ाने के लिए अस्पतालों में इलाज और जन औषधी के कार्यक्रमों, जैसे आयुष्मान भारत इत्यादि में अधिक प्रयोग की आवश्कता है। इसका एक लाभ जो यह होगा कि सरकार को इन कार्यक्रमों में मंहगी बायोलोजिक दवाओं के स्थान पर, उतनी ही प्रभावशाली परन्तु किफायती बायोसिमिलर दवाओं के ज्यादा प्रयोग से होने वाली बचत को जन-स्वास्थ्य के अन्य कार्यकलापों में लगाया जा सकता है।

## युवा खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर शानदार अवसर देगा आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर: डॉ. द्विवेदी



■ रायपुर में जे 30 रायपुर आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स 2025 शुरू

**रायपुर।** जे 30 रायपुर आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स 2025 का भव्य उद्घाटन रायपुर इंटरनेशनल टेनिस अकादमी, कृषक नगर में किया गया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन डॉ. हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक, हरिभूमि एवं आईएनएच 24x7 ने किया। उनके साथ गुरुचरण सिंह होरा सचिव, छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस एसोसिएशन (सीएसटीए), अतुल शुक्ला, उपाध्यक्ष सीएसटीए, रुपेन्द्र सिंह चौहान, संयुक्त सचिव सीएसटीए तथा सुशील बलानी, संयुक्त सचिव सीएसटीए , आईटीएफ पर्यवेक्षक प्रबीन कुमार नायक, सीएसटीए के सदस्यगण, खिलाड़ी, अभिभावक, कोच और शुभचिंतक भी उपस्थित थे। जिससे यह आयोजन और भी खास बन गया। डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स युवा टेनिस खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार अवसर प्रदान करते हैं। गुरुचरण सिंह होरा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और छत्तीसगढ़ में जूनियर टेनिस के विकास में आईटीएफ और एआईटीए के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## बाजार जैसे गोलगप्पे का चटपटा पानी बनाएं घर पर



अगर बाजार जैसे स्वाद वाला चटपटा गोलगप्पे का पानी घर पर बनाना चाहती हैं लेकिन वैसा स्वाद नहीं आ पा रहा है तो इस विधि से गोलगप्पे के पानी को खट्टा-तीखा स्वाद दें।गोलगप्पे का पानी बनाने के लिए सामग्री में पुदीना, धनिया, अदरक, हरी मिर्च, इमली का पानी या आम की सूखी खटाई, भुना जीरा, लाल मिर्च पाउडर,चाट मसाला, नींबू का रस, हींग, नमक और पानी लें। गोलगप्पे का पानी बनाने के लिए पुदीना, धनिया, हरी मिर्च और अदरक के टुकड़े को एक साथ मिलाकर अच्छी तरह से पीस लें। स्वच्छ पानी में भुना जीरा, काला नमक, लाल मिर्च पाउडर, हींग, चाट मसाला मिलाएं। अब इसमें आधा नींबू का रस मिलाएं। साथ ही इमली का पानी या आम की खटाई का पानी भी मिलाएं। पिसी हुई सामग्री को पानी डालकर अच्छे से मिला लें।



## अपने माता-पिता में कुछ जरूरी बदलाव चाहता है हर बच्चा

बच्चे चाहते हैं कि उनके मम्मी-पापा में अधिक धैर्य, समझ, प्रोत्साहन और उनके प्रति भरोसा हो। आइए जानते हैं आपके बच्चे के मन की बात। बच्चे अपने पापा और मम्मी में क्या बदलाव चाहते हैं।

जेनरेशन गैप यानी दो पीढ़ियों के बीच का अंतर अभिभावक और बच्चों के बीच समझ, व्यवहार, जिम्मेदारी और रहन-सहन में भिन्नता लाता है। ऐसे में बच्चों और अभिभावकों के बीच समझ, भरोसा और विचार को लेकर टकराव हो सकता है। आपका बच्चा आपसे बहुत प्यार करता हो, तब भी वह कुछ बदलावों की उम्मीद आप से भी रखता है। हालांकि बच्चे खुलकर ये बात कह नहीं पाते लेकिन मन ही मन में वह ये चाहते हैं कि उनके अभिभावक में कुछ बदलाव हों ताकि उनका अपने माता-पिता से रिश्ता मजबूत हो सके और उनका परिवार खुशहाल बने। बच्चे चाहते हैं कि उनके मम्मी-पापा में अधिक धैर्य, समझ, प्रोत्साहन और उनके प्रति भरोसा हो। आइए जानते हैं आपके बच्चे के मन की बात। बच्चे अपने पापा और मम्मी में क्या बदलाव चाहते हैं।

### माता-पिता संग अधिक समय बिताना



बच्चे माता पिता के साथ अधिक समय बिताना काफी पसंद करते हैं, जहां उनके बीच अच्छी बातचीत हो। वह लोग साथ में मिलकर खेलें। बच्चा चाहता है कि माता पिता उसके विचारों व भावनाओं में वास्तविक रूचि रखें।

### अधिक धैर्य रखें

बच्चे चाहते हैं कि उनके माता-पिता अधिक धैर्यवान हों। बिना बीच में टोके ध्यान से उनकी बात सुनें और तुरंत निराशा या आलोचना के साथ प्रतिक्रिया किए बिना उनकी कठिनाइयों को समझें।

### पढ़ाई पर कम दबाव

अधिकांश बच्चे पढ़ाई और खेलने के समय का संतुलन चाहते हैं। वह पढ़ाई के साथ ही अन्य गतिविधियों में रूचि रखथे हैं और वह ये उम्मीद करते हैं कि उनके माता-पिता केवल उपलब्धियों और ग्रेड पर ही ध्यान केंद्रित न करें बल्कि बच्चे के लिए समग्र रूप से सीखने पर फोकस करें।

### भरोसा करें बच्चों पर

बच्चे चाहते हैं कि उनके माता पिता छोटे-मोटे फैसलों को लेकर उनपर भरोसा करें ताकि वे अपने शौक, रुचियों और स्वतंत्रता के बारे में बिना किसी रोक टोक या नियंत्रण के सीख सकें।

### उनके विचारों का सम्मान

बच्चे मन ही मन चाहते हैं कि उनके माता-पिता उनकी राय का सम्मान करें ताकि वे बिना किसी चिंता के खुलकर संवाद कर सकें। उन्हें इस बात का डर न हो कि अपनी बात रखने पर अभिभावक तुरंत उनकी आलोचना करने लगेंगे या उनकी बात को अस्वीकार कर देंगे।






















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का सीजन 5 नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा दो हिस्सों में होगा




₹स्ट्रेंजर थिंग्स₹ बच्चों के साथ-साथ बड़ों के बीच भी काफी लोकप्रिय सीरीज है। अब जल्द ही इसका पांचवा सीजन आने वाला है, जो नेटफिक्स पर ही रिलीज होगा, लेकिन इसका पांचवा सीजन दो भागों में रिलीज किया जाएगा। जानिए इसके पांचवें सीजन के कितने एपिसोड होंगे और आप इन्हें कौन सी तारीख को देख सकेंगे।

पिंकविला की खबर के मुताबिक, शो के शुरू होने से पहले, नेटफ्लिक्स के सीईओ टेड सारंडोस ने इसके बारे में एक बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस सीरीज का अंत दर्शकों के लिए भावुक करने वाला होगा। टेड ने कहा कि उन्हें पता है कि कहानी कैसे खत्म होगी और यह इतना शानदार होगा कि कोई भी इसे देखकर अपनी आंसुओं को नहीं रोक पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ₹स्ट्रेंजर थिंग्स₹ की दुनिया को किताबों, सामानों और लाइव स्टेज शो के जरिए भी बढ़ाया जा रहा है।

लंदन के वेस्ट एंड में इसका प्रीक्वल स्टेज शो चल रहा है, जो जल्द ही ब्रॉडवे पर भी आएगा। सीजन 5 में कुल आठ एपिसोड होंगे और कुछ नए कलाकार भी इसमें शामिल होंगे। ₹स्ट्रेंजर थिंग्स₹ के पुराने कलाकारों में मिल्ली बॉबी ब्राउन, फिन वोल्फहार्ड, नोआ श्नैप, सैडी सिंक, डेविड हार्बर और नतालिया डायर होंगे। नए चेहरों में नेल फिशर, जेक कोनेली और एलेक्स ब्रेक्स शामिल होंगे। ₹स्ट्रेंजर थिंग्स₹ सीजन पांच, दो हिस्सों में रिलीज होगा। पहले छह एपिसोड 10 अक्टूबर, 2025 को आएंगे, जबकि आखिरी दो एपिसोड 27 नवंबर, 2025 को रिलीज होंगे।

### टॉलीवुड

## 'ओडेला-2' की रिलीज अगले माह, रौद्र रूप में दिखीं तमन्ना



तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ओडेला-2' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म का टीजर और पोस्टर पहले ही रिलीज हो चुके हैं, जिसने दर्शकों का उत्साह बढ़ाया था। वहीं, अब निर्माताओं ने दर्शकों को खास तोहफा देते हुए आखिरकार फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है।

फिल्म के निर्माताओं ने 'ओडेला 2' का नया पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट का खुलासा किया। तमन्ना भाटिया की फिल्म 17 अप्रैल को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, फिल्म का थिएट्रिकल ट्रेलर अप्रैल के पहले सप्ताह में रिलीज होने की उम्मीद है। अशोक तेजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को पैन इंडिया स्तर पर रिलीज किया जाएगा। वहीं, फिल्म के नए पोस्टर की बात करें तो इसमें तमन्ना का नया भयंकर रूप देखने को मिला। तमन्ना के चेहरे पर गहरे घाव और खून के निशान हैं। इसके साथ ही उनका लुक काफी गंभीर नजर आ रहा है। बैकग्राउंड में पवित्र शहर वाराणसी को भी दिखाया गया है। पोस्टर में भी रहस्य बना हुआ है। वहीं, फिल्म के ट्रेलर के बारे में अधिकारी जानकारी जल्द ही सामने आएगी।

फिल्म का दमदार टीजर कुछ हफ्ते पहले प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान जारी किया गया था। यह फिल्म 2021 की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'ओडेला रेलवे स्टेशन' का सीक्वल है। इस फिल्म में तमन्ना नागा साधु के अवतार में नजर आएंगी। दिसंबर 2024 में तमन्ना के जन्मदिन के मौके पर इस फिल्म से उनका लुक जारी किया गया था। अशोक तेजा द्वारा निर्देशित 'ओडेला-2 का निर्माण डी मधु ने अपने मधु क्रिएशन्स बैनर के तहत संपत नंदी टीमवर्क्स के सहयोग से किया है। हेबाह पटेल और वशिष्ठ एन सिम्हा ने फिल्म में मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं।

### भोजपुरी

## खेसारी या पवन नहीं, सनी ने थामा इस भोजपुरी सिंगर का हाथ, हिट हुई जोड़ी



सनी लियोनी की फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है। बॉलीवुड के कई स्टार्स के साथ वह काम कर चुकी हैं। मगर, इस बार उन्होंने बॉलीवुड एक्टर का हाथ थामा है। और वह एक्टर पवन सिंह या खेसारी लाल यादव नहीं हैं। वह एक्टर है नीलकमल सिंह। जी हां, सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का गाना 'लड़की दीवानी' रिलीज हुआ है।

सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का गाना टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। और यह जबर्दस्त तरीके से ट्रेंड कर रहा है। इसे कुछ ही घंटों में करीब पांच लाख व्यूज मिल गए हैं। इस गाने को नीलकमल सिंह ने गाया है। इसके लिरिक्स आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं।

गाने में सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। नीलकमल सिंह ने आज इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए गाने के रिलीज की जानकारी शेयर की है। साथ में लिखा है, 'इस खबर को लेकर शांत नहीं रहा जा सकता। 'लड़की दीवानी' गाना रिलीज हो गया है। जाइए और देखिए। यह भी जरूर बताइए कि गाना आपको कैसा लगा है'? नीलकमल सिंह ने एक वीडियो भी शेयर किया है, इसमें वे सनी को भोजपुरी बोलना सिखाते दिख रहे हैं। इस गाने पर यूजर्स की अच्छी प्रतिक्रिया आ रही है। एक यूजर ने लिखा, 'भोजपुरी एक्टर के साथ सनी लियोनी।

लाइफ स्टाइल



क्लासिक फैशन

पश्चिमी फैशन सिर्फ़ एक चलन नहीं है, यह कपड़े पहनने का वक्त से परे और क्लासिक तरीका है जो हमेशा कूल लगता है। हालाँकि, साल 2025 में रनवे पर और उसके बाहर दोनों जगह काउबॉय से प्रेरित परिधानों की एक नई लहर देखी जा रही है। जिसने फैशन की दुनिया के लोगों को अपने वार्डरोब रोडियो-स्वीकृत एक्सेसरीज़ और रेडी-टू-वियर आइटम से भरने के लिए प्रेरित किया है। चाहे वह बेयोंसे का ₹टेक्सास होल्ड 'एम₹ सिंगल रिलीज़ हो या बेला हदीद की हॉर्स गर्ल स्टाइल इवोल्यूशन, इन्हें लुई वुइटन के फॉल/विंटर शो ने रनवे पर इस ट्रेंड के फिर से उभरने को पुख्ता किया।

# ऑयली स्किन वालों को ऐसे रखना चाहिए अपनी त्वचा का ध्यान

वैसे तो गर्मियों का मौसम अपने साथ ढेरों परेशानियां लेकर आता है, लेकिन ये परेशानियां सबसे ज्यादा उन लोगों के सामने आती हैं, जिनकी त्वचा ऑयली होती है। तैलीय त्वचा वाले लोगों को गर्मी में मुंहासों और एक्ने से संबंधित दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए वो तमाम नुस्खे आजमाते हैं, लेकिन फायदा नहीं मिलता है।

यदि आपकी त्वचा भी तैलीय है तो बिना सोचे हमारा बताया स्किन केयर रूटीन फॉलो करें। हमारे बताए स्किन केयर रूटीन से आपकी त्वचा खिल उठेगी। ये स्किन केयर टिप्स खासतौर पर गर्मी के मौसम में आपके काम आएंगे।

### दिन में दो बार चेहरा धोना है जरूरी

यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो दिन में कम से कम दो बार अपने चेहरे को साफ करें। इसके लिए अच्छी क्वालिटी के क्लींजर का इस्तेमाल करें। ये आपके चेहरे की डीप क्लींजिंग करेगा और उसकी गंदगी को साफ करेगा।

### टोनर रखेगा त्वचा को फ्रेश

इस भीषण गर्मी में त्वचा को फ्रेश रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप टोनर इस्तेमाल कर सकते हैं। टोनर खरीदना नहीं चाहते हैं तो आप उसकी जगह गुलाब जल भी इस्तेमाल कर सकते हैं, इससे भी



त्वचा के पोर्स टाइट होते हैं।

### मॉइश्चराइजर होना चाहिए हल्का

यदि आपकी त्वचा ऑयली है तो हमेशा हल्का मॉइश्चराइजर ही इस्तेमाल करें। ज्यादा ऑयल बेस्ड मॉइश्चराइजर आपकी त्वचा के पोर्स को ब्लॉक कर देगा। इसकी वजह से आपको पिंपल्स जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## नई दुल्हनों पर खूब जंचती है कांजीवरम साड़ी, आजमाइए इनकी भी स्टाइल



यदि आपकी शादी होने वाली है तो अपने कलेक्शन में एक कांजीवरम साड़ी अवश्य खरीद कर रख लें। ये आपको ससुराल में एकदम अलग दिखने में मदद करेगी।



साड़ियों का जिक्र जब भी होता है तो उसमें सिल्क की साड़ी का नाम सबसे ऊपर आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सिल्क की साड़ी को किसी भी इवेंट में पहना जाए वो हमेशा रॉयल लुक देती हैं। खासतौर पर शादी-विवाह में सिल्क की साड़ी पहनकर अंदाज सबसे अलग दिखता है।

यदि आप भी साड़ी खरीदने का सोच रही हैं तो कांजीवरम साड़ी को अपने कलेक्शन में शामिल करें। यहां हम आपको कुछ अभिनेत्रियों के लुक्स दिखाने जा रहे हैं जिनसे टिप्स लेकर आप भी अपने लिए कांजीवरम साड़ी खरीद सकती हैं

**कीर्ति शेट्टी:** मशहूर साउथ एक्ट्रेस कीर्ति शेट्टी का ये गोल्डन कलर की सिल्क कांजीवरम लुक देखने में कमाल का है। इस रंग की साड़ी आप भी अपने कलेक्शन में शामिल करें। चटक रंगों के बीच ये हल्का रंग आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। ऐसी साड़ी पहनते समय अपने मेकअप को हाइलाइट करें और बालों में गजरा लगाएं।

**पूजा हेगड़े:** पीला रंग शादी-समारोह में काफी खास माना जाता है। ऐसे में आप इस तरह की पीली कांजीवरम साड़ी अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। ऐसी साड़ी के साथ यदि आप अलग रंग की कॉन्ट्रास्ट में ज्वेलरी पहनेंगी तो आपकी खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे।

**सामंथा रुथ प्रभु :** जब बात नई दुल्हनों की आती है तो लाल रंग की साड़ी हर किसी की पहली पसंद बन जाती है। ऐसे में आप भी अपने कलेक्शन में ऐसी लाल कांजीवरम साड़ी शामिल करें। ऐसी लाल और गोल्डन साड़ी आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएगी। इसे आप शादी के बाद की रस्मों में कैरी कर सकते हैं।

**दीपिका पादुकोण:** कुछ हैवी साड़ी तलाश रही हैं तो ऐसी नीले रंग की कांजीवरम साड़ी को अपने कलेक्शन में शामिल करें। ऐसी साड़ी आप अपने रिसेप्शन में भी पहन सकती हैं। इसके साथ बोटनेक ब्लाउज और गोल्डन ज्वेलरी पहनें।

## 30 की उम्र के बाद इन तरीकों से रखना चाहिए बालों का ध्यान

एक उम्र के बाद जिस तरह से खान-पान बदल जाता है, ठीक वैसे ही स्किन केयर और हेयर केयर का तरीका भी बदल जाता है। लेकिन ज्यादातर लोग आज भी इस बात से अनजान हैं। दरअसल, 30 की उम्र के बाद शरीर में काफी बदलाव आते हैं। इसलिए अपने बालों और त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए।

त्वचा का ध्यान तो लोग रख लेते हैं, लेकिन वो अक्सर अपने बालों का ध्यान रखना भूल जाते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से हैं तो हम आपको आज यहां 30 की उम्र के बाद बालों का ध्यान कैसे रखा जाए इस बारे में बताने जा रहे हैं।

**बालों की मसाज है जरूरी:** बढ़ती उम्र के साथ हफ्ते में कम से कम दो बार हर किसी को अपने बालों की मसाज करनी चाहिए। मसाज के लिए जो भी तेल आपको सूट करता हो, उसे हल्का सा गर्म करें और फिर जड़ों से लेकर बालों के छोर में इसे लगाएं। तेल लगाने के 2 घंटे बाद ही बाल धोएं, ताकि स्कैल्प को नमी और पोषण मिले। इसे रातभर ऐसे ही न रहने दें।



**हेयर टाइप के हिसाब से शैंपू खरीदें:** एक उम्र के बाद जो भी शैंपू बालों में इस्तेमाल करें, वो आपके हेयर टाइप का ही होना चाहिए। यदि आप गलत शैंपू का इस्तेमाल करेंगे तो इससे न सिर्फ तगड़ा हेयर फॉल होगा, बल्कि बाल बेजान होने लगेंगे। इसके साथ बालों से संबंधित अन्य परेशानियां भी आपको होंगी।

**कंडीशनर है जरूरी:** बालों की नमी को बरकरार रखने के लिए कंडीशनर का इस्तेमाल करना काफी जरूरी होता है। ऐसे में आप भी बाल धोने के बाद हमेशा हल्का कंडीशनर लगाएं। ध्यान रखें कि ये भी आपके हेयर टाइप का ही होना चाहिए। यदि ये आपके बालों के हिसाब से नहीं होगा, तो इससे भी बाल डैमेज हो जाएंगे।

## हल्दी की रस्म में पहनेंगी फूलों वाली ज्वेलरी तो घरवालों को उतारनी पड़ जाएगी नजर

यदि आपकी भी शादी होने वाली है तो आपने भी खरीदारी शुरू कर दी होगी। वैसे तो हल्दी में दुल्हनें अक्सर नकली फूलों वाली ज्वेलरी पहनती हैं, लेकिन यदि आप असली फूलों की ज्वेलरी कैरी करना चाहती हैं तो हम आपको इसके कुछ विकल्प बताने जा रहे हैं।

**मोगरा:** यदि आप अपनी ज्वेलरी को हल्का ही रखना चाहती हैं तो ताजा मोगरा से इसे तैयार कराएं। मोगरा के फूलों का बना मांगटीका, गले का नेकपीस और हथफूल आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। इसका चयन भी तभी करें, जब आप पीले रंग का आउटफिट ही कैरी कर रहे हैं। पीले रंग के आउटफिट के साथ मोगरा के सफेद फूल काफी हाइलाइट होंगे।

**ऑर्किड :** अपने हल्दी लुक को थोड़ा वेस्टर्न टच देना है तो ऑर्किड के फूलों से बनीं ज्वेलरी का चयन करें। ऑर्किड के फूल देखने में काफी खूबसूरत लगते हैं। ऑर्किड के फूलों से बना नेकपीस, हथफूल, मांगटीका और पैरों की पायल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। इसके अलावा पीले रंग के आउटिफिट के साथ इसका लुक सबसे अलग ही दिखेगा।



**मोगरा और गुलाब की ज्वेलरी:** यदि आप एलिगेंट सा लुक कैरी करना चाहती हैं तो मोगरा और गुलाब के कॉम्बिनेशन वाली ज्वेलरी अपनी हल्दी की रस्म मे पहनें। इन दोनों फूलों से बनें हथफूल और मांगटीका देखने में काफी खूबसूरत लगते हैं। लाल गुलाब के बीच-बीच में जब सफेद मोगरा दिखेगा तो ये तस्वीरों में भी खूब प्यारा दिखेगा। इस ज्वेलरी के साथ हल्दी में पीले रंग का ही आउटफिट कैरी करें, तभी ये खिलकर सामने आएगा।

कार्नर न्यूज

### शादी के दिन सबसे अलग नजर आना चाहिए दूल्हा

# दुल्हन के साथ-साथ होने वाले दूल्हों को भी रखना चाहिए अपने रंग-रूप का खास ध्यान

दुल्हनों के साथ-साथ हर होने वाले दूल्हे को भी अपनी त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए, ताकि शादी के दिन उनके चेहरे पर थकान न रहे।

शादी की तारीख पास आते ही होने वाली दुल्हनें पार्लर में पूरा ब्राइडल पैकेज बुक करा लेती हैं। इस ब्राइडल पैकेज में उनके कई फेशियल होते हैं, ताकि शादी के दिन उनका चेहरा सबसे खिला हुआ और खूबसूरत दिखे। लेकिन होने वाले दूल्हे इन चक्करों में नहीं पड़ते। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए।

जब शादी का दिन दूल्हा और दुल्हन दोनों के लिए खास है तो स्किन केयर सिर्फ दुल्हनें ही क्यों कराएं। यदि आप होने वाले दूल्हे हैं तो घर पर ही अपनी त्वचा का खास ध्यान रखें। कुछ टिप्स अपनाकर आप घर पर ही सही स्किन केयर रूटीन फॉलो कर सकते हैं। आइए आपको इन टिप्स के बारे में बताते हैं, जिन्हें होने वाले दूल्हों को फॉलो करना चाहिए।



### दिन में दो बार क्लींजिंग है जरूरी

यदि आपकी शादी की तारीख निकट आ रह है तो आप भी दिन में दो बार चेहरे की क्लींजिंग करना शुरू कर दें। दिन में दो बार क्लींजिंग करने से आपका चेहरा अच्छी तरह से साफ हो जाएगा। चेहरा साफ करने के बाद चेहरे पर अच्छी क्वालिटी का मॉइश्चराइजर और टोनर का इस्तेमाल करें, ताकि आपका चेहरा खिल उठे।

### सनस्क्रीन का इस्तेमाल न भूलें

धूप तेज पड़ने लगी है। इस धूप के हानिकारक प्रभाव से बचने के लिए अपने चेहरे, हाथ और पैर पर कम से कम 50 एसपीएफ की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। सही सनस्क्रीन के इस्तेमाल से आपकी त्वचा खतरनाक यूवी किरणों से बची रहेगी।

### स्क्रब है जरूरी

अक्सर लड़के इस डाउट में होते हैं कि उन्हें किसी तरह के स्क्रब की जरूरत नहीं है। जबकि ऐसा नहीं है। लड़कों को स्क्रब की खास जरूरत रहती है, क्योंकि लड़कों की त्वचा काफी हार्ड होती है



और सही स्क्रब के इस्तेमाल से लड़कों का चेहरा खिल जाता है। स्क्रब की मदद से आप भी अपने चेहरे की डीप क्लींजिंग कर सकते हैं।

### फेस पैक लगाएं

हर स्किन टाइप के हिसाब से फेस पैक मिलते हैं। ऐसे में आप अपनी स्किन टाइप के हिसाब से फेस पैक खरीदें और इसका इस्तेमाल करें। यदि आप स्किन टाइप के हिसाब से फेस पैक का इस्तेमाल करेंगे तो शादी के दिन आपका चेहरा खिला-खिला रहेगा। हफ्ते में दो बार सही फेस पैक का इस्तेमाल करें।

### शेव का भी ध्यान जरूरी

शेविंग करने के बाद यदि सही स्किन केयर रूटीन फॉलो नहीं किया जाए तो भी त्वचा डैमेज हो जाती है। यदि क्लीन शेव रखते हैं तो शेविंग के बाद अल्कोहल-फ्री आफ्टरशेव या एलोवेरा जेल लगाएं, ताकि स्किन इरिटेशन न हो। अगर दाढ़ी रखना चाहते हैं, तो उसे रोजाना ऑयल और शैंपू से साफ करें और शेप में ट्रिम करें।